# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 18 सितंबर 2026

संवत 2083, भाद्रपद शुक्ल 7 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-10, अंक 14, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ ब्रिक्स की उपलब्धि बनाम राजनीतिक संकीर्णता

अक्षय खन्ना को रिप्लेस करने पर बोले जयदीप अहलावत ◀◀ 6


# बोकारो में सीबीआई ने 18 हजार रुपये रिश्वत लेते सीसीएल के दो क्लर्क को रंगे हाथ पकड़ा

संवाददाता



**बोकारो :** सीसीएल कथारा एरिया की गोविंदपुर परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को धनबाद सीबीआई की टीम ने बड़ी कार्रवाई की।

इंस्पेक्टर रघुनाथ कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने सुबह करीब साढ़े 11 बजे छापेमारी कर सीएमपीएफ डीलिंग क्लर्क मेघलाल महतो और पेंशन डीलिंग क्लर्क मोहम्मद इम्तियाज को 18 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद सीबीआई की टीम अपने साथ ले गयी।

**सेवानिवृत्त कर्मचारी के भुगतान से जुड़ा है मामला :** मामला एक सेवानिवृत्त कर्मचारी के सीएमपीएफ और पेंशन की राशि के भुगतान से जुड़ा है। परियोजना के सर्वे विभाग में कार्यरत जनता नगर निवासी रसूल जमा करीब सात माह पहले सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के कई महीने बीत जाने के बाद भी उनका सीएमपीएफ और पेंशन भुगतान लंबित था।

आरोप है कि लंबित भुगतान को जल्द कराने के एवज में दोनों डीलिंग क्लर्क उनसे रिश्वत की मांग कर रहे थे। लगातार परेशानी के बाद रसूल जमा ने इसकी शिकायत धनबाद सीबीआई से की।

**शिकायत के बाद सीबीआई ने बिछाया जाल :** शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने मामले की पुष्टि की और इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की तैयारी की। शुक्रवार को पूर्व कर्मचारी रसूल जमा ने जैसे ही आरोपी क्लर्कों को 18 हजार रुपये की रिश्वत दी, पहले से मुस्तैद सीबीआई की टीम ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

**गोविंदपुर परियोजना कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल :** सीबीआई की अचानक हुई कार्रवाई से गोविंदपुर परियोजना कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। टीम दोनों कर्मचारियों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी। मामले में सीबीआई की आगे की कार्रवाई जारी है।

# तृणमूल के दोनों गुटों ने चुनाव आयोग को सौंपे नए नाम और चुनाव चिह्न के विकल्प




**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के दोनों गुटों ने चुनाव आयोग को अपने-अपने नए पार्टी नाम और चुनाव चिह्न के विकल्प सौंप दिए हैं। एक गुट पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व वाला 'मूल लेकिन अल्पमत' वाला गुट है, जबकि दूसरा पार्टी से निकाले गए विधायक रितब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाला 'बागी लेकिन बहुमत' वाला गुट है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने गुरुवार आधी रात के बाद नाम और चिह्न के लिए तीन-तीन विकल्प आयोग को भेजे। वहीं, रितब्रत बनर्जी के गुट ने शुक्रवार सुबह अपने विकल्प भेजे।

चुनाव आयोग ने नए नाम और चिह्न जमा करने की अंतिम समय सीमा शुक्रवार सुबह 11 बजे तक तय की थी। अब आयोग दोनों गुटों के लिए नए नाम और चिह्न फाइनल करेगा, जिसका इस्तेमाल दोनों गुट 6 अक्टूबर को होने वाले नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा उपचुनाव में करेंगे। इन उपचुनावों के नतीजे 9 अक्टूबर को आएंगे। यह दोनों सीटें पूर्वी मेदिनीपुर और मुर्शिदाबाद जिले में हैं।

हालांकि दोनों गुटों के नेताओं ने शुक्रवार को विकल्प भेजने की पुष्टि की लेकिन उन्होंने अपने चुने हुए नामों और चिह्नों के बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। दोनों गुटों के नेताओं का कहना है कि वे चुनाव आयोग के ऐलान का इंतजार करेंगे और उसके बाद ही इस पर कुछ कहेंगे।

गुरुवार रात चुनाव आयोग ने ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस नाम और घास-फूल वाले चुनाव चिह्न को फिलहाल फ्रीज करने का ऐलान किया था। इसका मतलब है कि जब तक आयोग अंतिम फैसला नहीं लेता, तब तक कोई भी गुट किसी भी चुनाव में इस नाम और चिह्न का इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। चुनाव आयोग के पास 184 फ्री चिह्नों की लिस्ट है। इस लिस्ट में एसी, अलमारी, सेब, चूड़ी, दूरबीन, कंप्यूटर, सीसीटीव, बैटरी टॉर्च, केक, बिस्किट, शिमला मिर्च, कोट, झुमके जैसे कई चिह्न शामिल हैं। इन्हीं 184 में से कोई दो चिह्न अब तृणमूल के दोनों गुटों को दिए जाएंगे। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस ने 1998 में ममता बनर्जी के नेतृत्व में कांग्रेस से अलग होकर अपनी यात्रा शुरू की थी। तब से यह नाम और चिह्न पार्टी का हिस्सा रहा है, जिसने कई उतार-चढ़ाव के बाद 2011 में बंगाल में सत्ता हासिल की थी।

## रांची बाईपास रोड में अतिक्रमण हटाओ अभियान पर हाईकोर्ट की रोक



**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के एचईसी क्षेत्र स्थित बाईपास रोड में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान पर रोक लगा दी है। शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने रांची के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक को तत्काल जिला प्रशासन की कार्रवाई रोकने का निर्देश दिया।

मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत में हुई। अदालत ने अतिक्रमणकारियों को निर्देश दिया कि वे 31 दिसंबर तक स्वयं सरकारी जमीन से अपना अतिक्रमण हटा लें।

त्योहारों को देखते हुए कार्रवाई पर रोक

अदालत ने आगामी त्योहारों को देखते हुए फिलहाल जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। इस आदेश के बाद रांची के बाईपास रोड में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए चल रही प्रशासनिक कार्रवाई तत्काल प्रभाव से रुक गई है।

**अधिवक्ताओं ने रखा पक्ष :** याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अखौरी अविनाश कुमार ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। बताया गया कि इस मामले में अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने कोई फीस नहीं ली है।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद फिलहाल अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक कार्रवाई पर विराम लग गया है। अदालत के निर्देश के अनुसार अतिक्रमणकारियों को 31 दिसंबर तक स्वयं सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाना होगा।

# जमशेदपुर में स्कूली वैन डिवाइडर से टकराई कई बच्चे घायल, दो की हालत गंभीर



संवाददाता

**जमशेदपुर:** शहर के टेल्को थाना क्षेत्र में स्कूली बच्चों से भारी वैन डिवाइडर से टकरा जाने से वैन में सवार कई बच्चे घायल हो गए हैं। टेल्को थाना के पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल बच्चों का इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में चल रहा है। शुक्रवार सुबह टेल्को स्टेडियम-भुवनेश्वरी मंदिर रोड के पास स्कूल बच्चों से भरी वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस घटना से वैन में सवार 15 से 17 बच्चे घायल हो गए हैं।

घटना को लेकर बताया जा रहा है की एक निजी स्कूल वैन टेल्को स्टेडियम की ओर से बच्चों को छोड़ने के लिए आ रही थी। इस दौरान बच्चों से भरी वैन सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकराते हुए डिवाइडर पर चढ़ गया। डिवाइडर से स्कूल वैन की टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन का चैंबर तक फट गया। इधर टक्कर की आवाज धमाके के जैसा हुआ और वैन में सवार स्कूली बच्चों की जोर से चीख चीत्कार से स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।

**स्थानीय लोगों ने घायल छात्रों का पहुंचाया अस्पताल :** स्थानीय लोगों की मदद से वैन में सवार सभी बच्चों को बाहर निकाला गया। इस वैन में छोटे बच्चों के अलावा बड़े बच्चे भी थे। घटना में वैन चालक के अलावा दो छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से वैन में सवार सभी बच्चों को टाटा मोटर्स अस्पताल भेजा गया। मामले में टेल्को थाना प्रभारी एस प्रसाद ने बताया की इस घटना में दो बच्चे और चालक गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में चल रहा है। घटना कैसे घटी इसकी जांच की जा रही है।

## जेपीएससी और जेएसएससी नियुक्ति रद्द करने के फैसले पर हाईकोर्ट की रोक बरकरार

**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के माध्यम से हुई बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने तथा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा समेत अन्य परीक्षाओं के माध्यम से हुई नियुक्तियों को रद्द करने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ दायर अलग-अलग याचिकाओं पर शुक्रवार को एक साथ सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने याचिकाकताओं को पहले दी गई राहत को बरकरार रखा। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा नियुक्तियां रद्द करने के आदेश पर लगी रोक भी जारी रखी गई। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति दीपक रौशन की अदालत में हुई।

**अदालत ने कहा- सभी नियुक्तियों में गड़बड़ी नहीं :** शुक्रवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अदालत के पूर्व आदेश के आलोक में अपना जवाब दाखिल किया। वहीं, झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से भी जवाब दाखिल किया गया। सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि अब तक सामने आए तथ्यों से ऐसा प्रतीत होता है कि सभी नियुक्तियां पूरी तरह सही तरीके से नहीं हुई हैं। हालांकि, यह तथ्य भी सामने आया है कि सभी नियुक्तियों में गड़बड़ी नहीं हुई है। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नियुक्तियों से जुड़े पूरे प्रकरण की जांच की निगरानी के लिए झारखंड हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी को नियुक्त किया है। वहीं, सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी आर.के. मल्लिक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**एक साथ 2700 नियुक्तियां रद्द करने पर उठे सवाल :** सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष यह भी बात रखी गई कि जेपीएससी को एक परीक्षा आयोजित करने से लेकर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने में दो से तीन वर्ष तक का समय लग जाता है। ऐसे में एक साथ करीब 2700 नियुक्तियां रद्द किए जाने से बड़ी संख्या में कार्यरत अधिकारियों की नौकरी प्रभावित हो सकती है। अदालत ने इसी पहलू को ध्यान में रखते हुए फिलहाल नियुक्तियां रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश पर लगी रोक को बरकरार रखा है।

**दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने रखा पक्ष :** याचिकाकताओं की ओर से वरीय अधिवक्ता एवं राज्य के पूर्व महाधिवक्ता राजीव रंजन, अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अमृतांश वत्स, कुमार हर्ष, सोनल तिवारी, सुभाष रसिक सोरेन समेत अन्य अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा। वहीं, राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा और राज्य के महाधिवक्ता रोहितास्य रॉय ने अदालत के समक्ष दलीलें पेश कीं। झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और उनके सहयोगी प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा।

## कल सीआईडी के सामने उपस्थित होंगे जेपीएससी-जेएसएससी के अधिवक्ता संजोय पिपरवाल

**रांची:** जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षा विवाद मामले में अधिवक्ता संजोय पिपरवाल शुक्रवार को अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की विशेष जांच टीम (एसआईटी) के समक्ष उपस्थित होंगे। परीक्षा विवाद से जुड़े मामले में सीआईडी की एसआईटी की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। जांच के इसी क्रम में एसआईटी ने अधिवक्ता संजोय पिपरवाल को 15 सितंबर को समन जारी कर पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया था। परीक्षा के संचालन, संभावित अनियमितताओं और प्रश्नपत्र लीक के आरोपों को लेकर राज्यभर में उठे विवाद के बाद सीआईडी की एसआईटी पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

एसआईटी यह पता लगाने में जुटी है कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान किन नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किया गया। साथ ही, विवाद सामने आने के बाद आयोग की ओर से उठाए गए कानूनी कदमों और प्रशासनिक निर्णयों में अपनाई गई प्रक्रिया की भी जांच की जा रही है।

परीक्षा से जुड़े कानूनी दस्तावेजों के आधार पर होगी पूछताछ

जानकारी के अनुसार, आयोग की ओर से अदालत में रखी गई दलीलों और परीक्षा से जुड़े कानूनी दस्तावेजों के संदर्भ में अधिवक्ता संजोय पिपरवाल से पूछताछ की जाएगी। जांच टीम परीक्षा एजेंसी, आयोग के पदाधिकारियों और कानूनी सलाहकारों के बीच हुए पत्राचार तथा विभिन्न निर्णयों के समय का भी मिलान कर रही है।

एसआईटी अब तक इस मामले में आयोग के कई अधिकारियों, परीक्षा संचालन से जुड़ी बाहरी एजेंसियों के प्रतिनिधियों और अन्य संदिग्धों से पूछताछ कर चुकी है। माना जा रहा है कि अधिवक्ता संजोय पिपरवाल से पूछताछ के दौरान मुख्य रूप से मामले के कानूनी पहलुओं, आयोग की ओर से अदालत में रखे गए पक्ष और परीक्षा विवाद के दौरान अपनाई गई कानूनी प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ली जाएगी।

जांच टीम यह भी समझने का प्रयास कर रही है कि परीक्षा से जुड़े विवाद और कानूनी मामलों के दौरान आयोग, परीक्षा एजेंसी और उसके कानूनी प्रतिनिधियों के बीच किस स्तर पर समन्वय हुआ था।

## हेमंत सोरेन की मां अस्पताल में भर्ती





**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन की आज शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ गयी. सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद रूपी सोरेन को हिल व्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताते चलें हाल ही में रूपी सोरेन हैदराबाद से चेकअप करा कर वापस रांची लौटी थी।

# अब नेपाल में बिना पासपोर्ट लिए घूम सकेंगे विदेशी पर्यटक, इमिग्रेशन विभाग ला रहा नया सिस्टम

**काठमांडू :** नेपाल का इमिग्रेशन विभाग एक ऐसी व्यवस्था शुरू करने जा रहा है, जिससे विदेशी नागरिकों को पूरे हिमालयी देश में घूमने के लिए अपना फिजिकल पासपोर्ट साथ लेकर चलने की जरूरत नहीं होगी। विभाग ने इस सिस्टम को 'पासपोर्ट-फ्री ट्रैवल' नाम दिया है। विभाग का कहना है कि इसका मकसद नेपाल में विदेशी नागरिकों के ठहरने को और अधिक सुविधाजनक बनाना है। इस सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए विदेशी नागरिकों को नेपाल पहुंचने के बाद अपने मोबाइल में इमिग्रेशन विभाग की आधिकारिक ऐप इंस्टॉल करनी होगी और उसमें जरूरी जानकारी भरनी होगी, जिसमें पासपोर्ट की स्कैन कॉपी और वीजा की डिटेल भी शामिल है।



विभाग के डायरेक्टर जनरल राम चंद्र तिवारी ने कहा, ₹फिर वे बिना फिजिकल पासपोर्ट लिए पूरे देश में आजादी से घूम सकते हैं।₹

विभाग ने बताया कि यह ऐप एंड्रॉयड और एप्पल आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एक बार ऐप पर अपनी डिटेल रजिस्टर करने के बाद विदेशी नागरिकों को घरेलू उड़ानों में सवार होते समय, मनी एक्सचेंज काउंटर पर करेंसी बदलते समय, होटल में चेक-इन करते समय या ट्रेकिंग एजेंसियों के जरिए यात्रा की व्यवस्था करते समय अपना फिजिकल पासपोर्ट दिखाने की जरूरत नहीं होगी। राम चंद्र तिवारी ने कहा, उदाहरण के लिए, यात्रा के दौरान जो लोग अपना पासपोर्ट होटल में भूल जाते हैं और जरूरत पड़ने पर उसे नहीं दिखा पाते, तो ऐप पर अपनी जानकारी अपडेट करके नेपाल के अंदर रहते हुए पासपोर्ट होटल या कहीं और भूलने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि असली विदेशी नागरिकों को भी कभी-कभी पासपोर्ट न होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ा है और 'पासपोर्ट-फ्री ट्रैवल' व्यवस्था ऐसी परेशानियों को खत्म करने में मदद करेगी। राम चंद्र तिवारी ने बताया, कुछ विदेशियों को फिजिकल पासपोर्ट न दिखा पाने के कारण गिरफ्तार भी किया गया है।राम चंद्र तिवारी के मुताबिक विदेशी नागरिक इसी ऐप के जरिए वीजा एक्सटेंशन के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। विभाग के अनुसार, नई व्यवस्था से इमिग्रेशन से जुड़ी सेवाएं विदेशी नागरिकों के लिए और आसान, सुलभ और टेक्नोलॉजी-फ्रेंडली बनेंगी। इस पहल से विभाग दो लक्ष्य हासिल करना चाहता है, जिसमें पर्यटकों को नेपाल घूमते समय अधिक आजादी और आराम से यात्रा करने देना और नेपाली अधिकारियों को देश में विदेशी नागरिकों पर नजर रखने में मदद करना शामिल है। विभाग यह नया सिस्टम ऐसे समय में लाने की तैयारी कर रहा है जब उसने पहले से ही फॉरेन नेशनल्स मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एफएनएमआईएस) लागू किया हुआ है। यह एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल डेटाबेस है, जो विदेशी नागरिकों के वीजा आवेदन से लेकर देश छोड़ने तक की रियल-टाइम जानकारी इकट्ठा करने के लिए बनाया गया है। यह सिस्टम इस साल 1 जनवरी से काम कर रहा है। इसे प्रभावी बनाने के लिए होटल, एयरलाइन, ट्रैवल और ट्रेकिंग एजेंसियों, मनी एक्सचेंज काउंटर और विदेशी नागरिकों को सेवाएं देने वाली अन्य संस्थाओं को इस सिस्टम में रजिस्टर होना जरूरी है।

विभाग का कहना है कि इस सिस्टम का मकसद देश में आने वाले विदेशी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और विदेशी नागरिकों से जुड़े संभावित अपराधों पर नियंत्रण में मदद करना है। विभाग के अनुसार, अब तक 1,652 सर्विस प्रोवाइडर, जिनमें होटल, एयरलाइन, ट्रैवल और ट्रेकिंग एजेंसियां और मनी एक्सचेंज काउंटर शामिल हैं, इस योजना में शामिल हो चुके हैं और 1,80,000 से ज्यादा विदेशी नागरिकों को इस सिस्टम के जरिए ट्रैक किया जा रहा है।

## जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षा घोटाले में अक्षय तिवारी और सुषमा की बढ़ीं मुश्किलें

**रांची:** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की परीक्षाओं में धांधली, पैसे लेकर प्रश्नपत्र लीक करने और परीक्षा में सेटिंग कराने के गंभीर आरोपों में जेल में बंद अभय तिवारी की मुश्किलों के साथ अब उसके भाई अक्षय तिवारी और पत्नी सुषमा की परेशानी भी बढ़ गई है। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने अगस्त महीने में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (जेएसएससी-सीजीएल) से जुड़े मामले में अक्षय तिवारी और उसकी पत्नी सुषमा को गिरफ्तार किया था। इस मामले का कांड संख्या 1/2025 है। दोनों आरोपियों की जमानत याचिका सीआईडी अदालत ने खारिज कर दी है।

**जेपीएससी परीक्षा घोटाले के मामले में भी आरोपी :** दूसरी ओर, सीआईडी ने अक्षय तिवारी और सुषमा को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा घोटाले से जुड़े मामले में भी रिमांड पर गिरफ्तार कर लिया है। अब दोनों को सीआईडी के कांड संख्या 16/2026 में भी आरोपी बनाया गया है।

**जुलाई में गिरफ्तार हुआ था अभय तिवारी :** इस पूरे मामले के कथित मुख्य सूत्रधार अभय तिवारी को सीआईडी ने जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। इसके बाद मामले की जांच के दौरान सामने आए साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अभय तिवारी को जेएसएससी-सीजीएल प्रश्नपत्र लीक मामले में भी आरोपी बनाया गया। सीआईडी अब दोनों मामलों में आरोपियों की भूमिका, परीक्षा में कथित धांधली और प्रश्नपत्र लीक से जुड़े नेटवर्क की जांच कर रही है।

## बहुचर्चित निठारी कांड में बरी हुए सुरेंद्र कोली ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**नई दिल्ली:** बहुचर्चित निठारी कांड में मुख्य आरोपी रहे सुरेंद्र कोली नेफांसी लगाकर आत्महत्या की। 11 नवम्बर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को रिहा करने का आदेश दिया था। यह फैसला निठारी हत्याकांड के बाद आया, जिसने साल 2006 में पूरे देश को दहला दिया था, जब नोएडा के निठारी में मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी के पीछे नाले से 19 बच्चों और महिलाओं के कंकाल बरामद हुए थे। इस वारदात ने पुलिस और समाज दोनों को झकझोर कर रख दिया था।मामले में पंढेर और उसके नौकर सुरेंद्र कोली को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आरोप लगाया था कि कोली बच्चों और महिलाओं को बहला-फुसलाकर लाता था, उनके साथ दुष्कर्म करता और फिर हत्या कर शवों को नाले में फेंक देता था। उल्लेखनीय है कि 7 मई 2006 को निठारी की एक युवती को पंढेर ने नौकरी दिलाने के बहाने बुलाया था। इसके बाद युवती वापस घर नहीं लौटी। युवती के पिता ने नोएडा के सेक्टर-20 थाने में गुमशुदगी का केस दर्ज कराया था।

## समाचार सार

### मुरी- सिल्ली में धूमधाम से मनी विश्वकर्मा पूजा



**मुरी :** मुरी सिल्ली में शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा को काफी श्रद्धा के साथ मनाया गया। रेलवे के हर एक विभाग में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा बैठा कर पूजा अर्चना की गई,हर पूजास्थल से जय बाबा विश्वकर्मा की उद्घोष गूंजता रहा। साथ मुरी सिल्ली ,हिण्डालको में भगवान विश्वकर्मा के दर्शन के लिए भक्तो की भीड़ देखी गई। मजदुर हो या मालिक कारीगर हो या कलाकार रोजगार के देवता की पूजा श्रद्धा के साथ किया। प्रसाद का वितरण हुआ। कही कही बड़े बड़े पंडाल देखने लायक बनाया गया।विश्वकर्मा पूजा के उत्सव पर बैक्वेट हॉल सुलुमजुडी में मेटेरियल एक्पो का आयोजन किया गया था।

### विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के तहत विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**चतरा :** विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के अवसर पर बुधवार को एक्सीलेंस बॉयज हाई स्कूल, चतरा एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, पकरिया में छात्र-छात्राओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना, भावनात्मक परेशानियों को समझना तथा आवश्यकता पड़ने पर समय पर सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान मनोचिकित्सक डॉ. श्रावणी ने विद्यार्थियों को डिप्रेशन, एंग्जायटी, आत्महत्या की रोकथाम एवं विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य विकारों के लक्षण, कारण, बचाव तथा समय पर सहायता प्राप्त करने के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को लेकर खुले तौर पर संवाद करने, तनाव एवं भावनात्मक परेशानियों को नजरअंदाज नहीं करने तथा आवश्यकता पड़ने पर परिवार, शिक्षक एवं स्वास्थ्यकर्मियों से सहयोग लेने के लिए प्रेरित किया।

हरिशंकर, उढअ-ठउऊ द्वारा 10 सितंबर से 16 सितंबर तक मनाए जाने वाले विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के उद्देश्य एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने संकट की स्थिति में समय पर सहायता एवं सहयोग प्राप्त करने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ संवाद करने तथा जरूरतमंद व्यक्तियों को सहयोग एवं उचित सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया।

### पुलिस के विशेष अभियान में 44 अपराधी गिरफ्तार

**हजारीबाग :** जिले में अपराध पर अंकुश लगाने और फरार अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए हजारीबाग पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर 12 और 13 सितंबर 2026 की दरमियानी रात एक विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। इस व्यापक कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चोरी, लूट और डकैती जैसे गंभीर मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की।अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों और पुलिस निरीक्षकों के नेतृत्व में 30 विशेष टीमों का गठन किया गया था। इस संयुक्त कार्रवाई में लगभग 117 पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल रहे, जिन्होंने सुनियोजित तरीके से विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी। जिसमें 44 आरपी गिरफ्तार किया गया। जबकि 34 वारंट निष्पादित किया गया। इसमें 117 पुलिसकर्मी और अधिकारी शामिल थे।पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जिले में कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए इस तरह के सख्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। साथ ही, जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आस-पास कोई संदिग्ध या आपराधिक तत्व शरण लिए हुए है, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाने को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एसआईआर में नामचीन लोगों के परिजनों को भी नोटिस

**हजारीबाग :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान शहर के वार्ड 27 समेत कई इलाकों में नामचीन लोगों के परिजनों के नाम नोटिस जारी होने से लोगों में नाराजगी है। बताया जा रहा है कि नोटिस पाने वालों में नेता, पत्रकार और अधिवक्ताओं के परिजन भी शामिल हैं। लोगों का कहना है कि वर्षों से मतदाता सूची में दर्ज नामों को लेकर इस तरह नोटिस जारी होने से उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर भाजपा नेता सुमन कुमार पप्पू ने कहा कि एसआईआर में सामने आ रही यह स्थिति बड़ी समस्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुनरीक्षण कार्य में पर्याप्त जवाबदेही वाले कर्मचारियों को ड्यूटी पर नहीं लगाया गया।

कई जगह कामकाज में गंभीरता के बजाय खानापूर्ति की गई, जिसका परिणाम अब आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में प्रत्येक नाम और दस्तावेज की जांच पूरी सावधानी से होनी चाहिए थी। यदि सम्मानित और लंबे समय से शहर में रह रहे परिवारों के सदस्यों तक को नोटिस भेजा जा रहा है तो इससे प्रक्रिया की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर अनावश्यक रूप से जारी किए गए नोटिस की समीक्षा कराने की मांग की। स्थानीय लोगों ने भी कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है, लेकिन प्रक्रिया में वास्तविक मतदाताओं को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। वार्ड 27 में नोटिस जारी होने के मामलों की निष्पक्ष जांच कर स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठ रही है।

#### उपायुक्त ने कि मिशन वात्सल्य व महिला उद्यमिता कार्यक्रम की समीक्षा

# नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने पर जोर

संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय में बुधवार को उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला नियुक्ति समिति रवि आनंद की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल संरक्षण कार्यालय में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया एवं कार्यरत कर्मियों के सेवा अवधि विस्तार की समीक्षा की गई। वहीं, झारखंड इनक्यूबेटर कार्यक्रम के तहत महिला उद्यमियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर उन्हें प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने की जानकारी दी गई।

मिशन वात्सल्य की समीक्षा बैठक में चार रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति के लिए प्रकाशित विज्ञापन, प्राप्त आवेदनों की जांच तथा दावा-आपत्तियों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने नियुक्ति नियमावली 2016 के प्रावधानों के अनुरूप सभी दावा-आपत्तियों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध तरीके से निराकरण करने तथा अंतिम मेधा सूची तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं करने पर जोर दिया। बैठक में जिला बाल संरक्षण कार्यालय में कार्यरत पुराने एवं नए कर्मियों के कार्य प्रदर्शन



का मूल्यांकन किया गया। इसके अलावा किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति में कार्यरत कर्मियों के सेवा अवधि विस्तार की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कार्य मूल्यांकन एवं सेवा अवधि विस्तार की प्रक्रिया नियमानुसार समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में समाहरणालय के सभा कक्ष में झारखंड इनक्यूबेटर कार्यक्रम के तहत महिला उद्यमियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्घाटन उपायुक्त रवि आनंद ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता और उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराकर व्यवसाय को मजबूत बनाना है।

कार्यशाला में बताया गया कि झारखंड इनक्यूबेटर कार्यक्रम भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा अनुमोदित पहल है, जिसे झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी तथा भारतीय प्रबंधन संस्थान कलकत्ता नवाचार पार्क के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसके माध्यम से महिला उद्यमियों को व्यवसाय विस्तार, प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जुड़ने के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।उपायुक्त ने विभिन्न प्रखंडों से पहुंचीं सखी मंडल की दीदियों एवं महिला उद्यमियों से संवाद कर उनके उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सखी मंडल की दीदियों द्वारा तैयार सामग्री को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने में यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने महिला उद्यमियों से उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया।भारतीय प्रबंधन संस्थान कलकत्ता के प्रशिक्षक आलोक रंजन एवं देवी प्रसाद ने बताया कि जिले एवं राज्य स्तर पर कुल 150 उत्कृष्ट महिला उद्यमियों का चयन किया जाएगा। चयनित उद्यमियों को व्यवसाय विस्तार के लिए 10 लाख रुपये तक का अनुदान अथवा ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराने का प्रावधान बताया गया। महिला उद्यमियों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन, व्यावसायिक प्रशिक्षण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, आधुनिक उपकरणों, नेटवर्किंग एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने की जानकारी भी दी गई।

**30 सितंबर तक कर सकेंगी ऑनलाइन आवेदन :** कार्यक्रम के तहत स्वयं सहायता समूह की सदस्य, उनके परिवार के निकट संबंधी, पंजीकृत व्यवसाय संचालित करने वाले उद्यमी तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में कार्यरत महिला उद्यमी आवेदन कर सकती हैं। इच्छुक पात्र महिला उद्यमी निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करा सकती हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है।

मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग मिथुन मांझी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं स्थापना उप समाहर्ता के प्रतिनिधि, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला मिशन प्रबंधक, प्रशिक्षक आलोक रंजन एवं देवी प्रसाद सहित विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारी एवं सखी मंडल की महिला उद्यमी उपस्थित रहीं।

## समाज कल्याण विभाग की योजनाओं और कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा



संवाददाता

**साहिबगंज:** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी श्री दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग के कार्यों व विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की सह-स्थापना आधारभूत सुविधाओं, पोषण ट्रैकर के आंकड़ों, रिक्त पदों, मानदेय भुगतान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले के कुल 1771 आंगनबाड़ी केंद्रों में 88.93 प्रतिशत में स्थायी विद्युत कनेक्शन 93.22 प्रतिशत में पेयजल, 82.38 प्रतिशत में क्रियाशील शौचालय तथा 94.52 प्रतिशत केंद्रों में क्रियाशील रसोईघर उपलब्ध हैं। वहीं, 221 केंद्रों में वर्षा जल संचयन प्रणाली एवं 554 केंद्रों में पोषण वाटिका विकसित की गई है। उपायुक्त ने शेष केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं शीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।किराये के भवनों से संबंधित समीक्षा के दौरान प्रतिवेदन एवं पोषण ट्रैकर ऐप के आंकड़ों में अंतर पाया गया। प्रतिवेदन के अनुसार जिले में 568 किराये के भवन हैं, जबकि ऐप में 569 भवन प्रदर्शित हो रहे हैं। प्रखंडवार आंकड़ों का सत्यापन कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 15 सितंबर 2026 तक जिले के मासिक लक्ष्य 3,940 के विरुद्ध 4,760 लाभुकों का पंजीकरण किया गया है। उपायुक्त ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने पर बल दिया। पीएम - जेएएनएमएएन के तहत नव स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका चयन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 67 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें 66 का अनुमोदन हो चुका है तथा एक प्रस्ताव लंबित है। उपायुक्त ने लंबित प्रस्ताव का शीघ्र निष्पादन करते हुए सेविका चयन की प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया।अतिरिक्त मानदेय भुगतान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि सभी प्रखंडों से अगस्त 2026 की उपस्थिति विवरणी प्राप्त हो चुकी है। साहिबगंज, मंडरो, बरहेट, तालझारी एवं उधवा में जून 2026 तक तथा बोरियो, बरहरवा, पतना एवं राजमहल में जुलाई 2026 तक का भुगतान किया जा चुका है। शेष भुगतान के लिए विपत्र तैयार कर कोषागार भेजे गए हैं अथवा तैयार किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने लंबित भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल 516 लाभुकों का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरुद्ध 662 लाभुकों का चयन किया गया है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 30,000 लाभुकों को आच्छादित करने के लक्ष्य के विरुद्ध विभिन्न कक्षाओं एवं 18-19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 4,470 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जबकि 3,881 आवेदन लंबित हैं। उपायुक्त ने लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।आंगनबाड़ी केंद्रों के विद्यालयों में सह-स्थापन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि सर्वेक्षण में 390 विद्यालय चिह्नित किए गए हैं, जिनमें 35 विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए कमरे उपलब्ध पाए गए हैं। उपायुक्त ने आवश्यक मरम्मत एवं अन्य कार्रवाई करते हुए सह-स्थापन की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।पोषण ट्रैकर के अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों के एसएएनएमएआर - सीएमएएम कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान अपेक्षाकृत कम प्रगति पर उपायुक्त ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कुपोषित बच्चों की पहचान, उपचार एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि समाज कल्याण विभाग की योजनाएं जरूरतमंद वर्गों के जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। सभी अधिकारी व कर्मी संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए-सह-प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्री संजय कुमार दास, सभी प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।


### कार्मल स्कूल के पास झाड़ियां में छिपे ट्रांसफार्मर के पास मौत का खतरा

**हजारीबाग :** शहर के हर्नगंज स्थित माउन्ट कार्मल स्कूल के ठीक सामने और पेरिस हॉल से सटे मुख्य मार्ग पर बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर इन दिनों भारी झाड़ियों के बीच छिपा हुआ है। स्थिति इतनी दयनीय और खतरनाक है कि यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। रात के वक्त जब कभी बिजली आपूर्ति बाधित होती है और बिजली विभाग के लाइनमैन फॉल्ट सुधारने के लिए इस ट्रांसफार्मर के पास पहुंचते हैं, तो उन्हें अपनी जान जोखिम में डालकर काम करना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बिजली मिस्त्री पहले डंडों से झाड़ियों को पीटते हैं और सांप-कीड़ों को भगाने की कोशिश करते हैं, तब जाकर वे ट्रांसफार्मर पर चढ़कर बिजली सुधार पाते हैं। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के आसपास कई बार बेहद जहरीला रसेल वाइपर जैसा खतरनाक सांप देखा गया है। घनी झाड़ियों और अंधेरे के कारण यह जगह सांपों का सुरक्षित ठिकाना बनती जा रही है। स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने कई बार संबंधित विभाग से झाड़ियों की सफाई कराने की मांग की है, लेकिन अब तक कोई सुनावई नहीं हुई है।

रात के समय बिजली दुरुस्त करने आने वाले कर्मचारियों के साथ-साथ आसपास से गुजरने वाले आम राहगीरों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी बड़ा खतरा मंडरा रहा है। लोगों ने विद्युत विभाग और स्थानीय प्रशासन से तत्काल प्रभाव से ट्रांसफार्मर के चारों ओर उगी झाड़ियों को कटवाने और सफाई कराने की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी को टाला जा सके।

## लूटपाट की कोशिश करने के मामले में तीन गिरफ्तार

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलुआ दियारा में पिकअप वाहन को रोककर चालक से लूटपाट की कोशिश करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।वहीं,छापेमारी के दौरान एक अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।जिसकी जानकारी सदर एसडीपीओ सुशील



कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।उन्होंने बताया कि पुलिस के अनुसार,16 सितंबर की रात पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मुफस्सिल थाना पुलिस ने बलुआ दियारा क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया।पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मो जुनेद, मो. फजल और मो अरवाज को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से देसी कट्टा और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई।बीएनएस और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज घटना को लेकर मुफस्सिल थाना कांड संख्या 112/26 दर्ज किया गया है।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।फरार आरोपी की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।छापेमारी टीम में ये रहे शामिल अपराध पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई इस कार्रवाई में मुफस्सिल थाना प्रभारी अनिश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

#### पलायन की भेंट चढ़ा एक और मजदूर, भोपाल में करंट से मौत

## दो नाबालिग बेटियां हुईं अनाथ, तीन साल पहले मां और अब पिता की भी मौत

#### परिजनों ने श्रम विभाग और प्रशासन से की मुआवजे की मांग



संवाददाता

**चतरा:** रोजी-रोटी के लिए भोपाल गए हंटरगंज प्रखंड के डुमरी खुर्द निवासी 47 वर्षीय अनिल भारती की मजदूरी के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। बुधवार दोपहर शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अनिल की पत्नी की करीब तीन साल पहले ही मौत हो चुकी है। अब अनिल की मौत के बाद दो नाबालिग बेटियों के सिर से माता-पिता दोनों का साया उठ गया।परिजनों के अनुसार, स्वर्गीय रत्न भुईयां के पुत्र अनिल भारती करीब छह माह पहले मजदूरी करने भोपाल गए थे। वह एक फैक्ट्री में काम करते थे। तीन दिन पहले काम से लौटकर कमरे में पहुंचे थे। इसी दौरान हीटर में करंट प्रवाहित होने से उसकी चपेट में आ गए।साथियों ने उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एंबुलेंस से शव डुमरी खुर्द लाया गया। शव पहुंचते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजन रोने-बिलखने लगे।करीब चार घंटे तक शव एंबुलेंस में ही रखा रहा।सूचना पर हंटरगंज थाना प्रभारी संदीप कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और परिजनों को समझाया। इसके बाद शव को एंबुलेंस से उतारा गया।

**दो नाबालिग बेटियों के सामने संकट :** अनिल के परिवार में पांच बेटियां और एक बेटा है। तीन बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि दो बेटियां नाबालिग हैं। पत्नी की मौत के बाद अनिल ही परिवार का खर्च चला रहे थे। मजदूरी के लिए बाहर गए अनिल की मौत से परिवार के सामने अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

**मुआवजे और रोजगार की मांग :** ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और श्रम विभाग से मृतक के आश्रित परिवार को आर्थिक सहायता और सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण मजदूरों को दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है।सरकार स्थानीय स्तर पर रोजगार की व्यवस्था करे, ताकि मजदूरों को मजबूरी में पलायन न करना पड़े।

### 100 छात्राओं के बीच फलदार पौधे का किया गया वितरण




**साहिबगंज:** गंगा मिशन कोलकाता साहिबगंज की ओर से वृक्षारोपण सह वितरण कार्यक्रम चल रहा है इसके तहत 18 सितंबर दिन शुक्रवार को सेठ जमुना दास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय में 100 छात्राओं के बीच फलदार आम,कटहल,नारियल, आवंला के पौधे वितरण किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य मो यूसुफ ने कहा कि गंगा मिशन कोलकाता साहिबगंज द्वारा आयोजित पौधारोपण सह वितरण कार्यक्रम इस विद्यालय में आयोजित कर काफी अच्छा कार्य किया।इससे स्कूल की छात्राओं द्वारा अपने घरों में फलदार पौधों रोपण किया जाऐंगे।इससे पर्यावरण की सुरक्षा होगी।उन्होंने छात्रों को अपने हाथों से वृक्ष प्रदान किया,साथ ही एक वृक्ष विद्यालय परिसर में लगाया गया।इस अवसर पर अवकाश प्राप्त शिक्षक चंपक दत्ता ने पर्यावरण के महत्व पर अपनी बात कही,अधिवक्ता राजीव कुमार सिन्हा ने सभी छात्रों से एक वृक्ष मां के नाम पर लगाने का आह्वान किया।वही प्रमोद पांडे ने पेड़ पौधे लगाने से पर्यावरण की सुरक्षा होती है अशोक सराफ में वृक्ष की की सुरक्षा करने की बात कही।इस अवसर पर अनिल सिंह,राजीव चौधरी,निर्भय ओझा सहित काफी लोग मौजूद थे।

### जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कालम की मांग

**बरही :** बरही के कांग्रेस नेता और कार्यकताओं ने जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कालम की मांग को लेकर रांची में पैदल मार्च किया। जातीय जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम की मांग को लेकर पैदल मार्च और ओबीसी हुंकार कार्यक्रम में बरही से कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अगुवाई प्रदेश कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष निशांत प्रकाश जायसवाल ने किया। मोरहाबादी बापू वाटिका से लोक भवन तक आयोजित मार्च में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद,कांग्रेस के बरही विधानसभा नेता अरुण साहू, दीपक गुप्ता, विधानसभा के युवा उपाध्यक्ष फिरदौस अंसारी, राजेश कुमार, पदमा प्रखंड के अध्यक्ष गुलाम अली वारसी, मंडल अध्यक्ष नरेश साव, संतोष यादव, हरीश कुमार, युवा नेता धीरज कुमार, ओबीसी नेता राजू राणा, राहुल चंद्रवंशी, पंकज मेहता, मो सोहेल समेत कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

### बिजली समस्या का समाधान की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन

**हजारीबाग :** बरही में बिजली समस्या का समाधान की मांग को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने एसडीओ को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि रसोइयाधमना गांव के अनुसूचित जाति टोला, तेली टोला, प्रजापति टोला एवं मदीना नगर में पिछले एक माह से बिजली की अनियमित आपूर्ति से ग्रामीण परेशान हैं। कभी तार टूट जाता है, कभी ट्रांसफार्मर खराब हो जाता है, तो कभी एक फेज में लाइन रहती है और दूसरे फेज में नहीं। आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को चंदा जमा कर खुद मिस्त्री बुलाना पड़ता है और ट्रांसफार्मर बनवाना पड़ता है। इसी समस्या को लेकर ग्रामीणों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रामचंद्र साव, मीडिया प्रभारी राज आर्यन उर्फ छोटी के नेतृत्व में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी बरही को आवेदन देकर 22 सितंबर 2026 को एक दिवसीय जुलूस और धरना-प्रदर्शन की अनुमति मांगी है।

ग्रामीणों ने बताया कि अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के लिए 15 दिन पहले ही विधायक मनोज कुमार यादव के माध्यम से सहायक अभियंता को मांग पत्र दिया गया था, लेकिन अब तक 100 केवीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया।

# दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार के श्राद्ध कार्यक्रम में जुटी भीड़, सीएम हेमंत सोरेन ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

**गिरिडीह:** दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के श्राद्ध का द्वादश कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित हुआ। दिवंगत मंत्री के आवास में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां दिवंगत मंत्री को श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों की भीड़ देखने को मिली।

श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पूरे घटनाक्रम के बारे में सभी को पता है। पूरे रीति रिवाज के साथ बड़े भाई सुदिव्य कुमार सोनू को हम लोगों ने अंतिम विदाई दी है। खास तौर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए बहुत बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई करना वह बहुत कठिन है। मंत्री रहते हुए उनकी सक्रियता किसी से भी छिपी नहीं है।




**कई क्षेत्रों को दिशा देने का किया काम:** मुख्यमंत्री मैं यही कह सकता हूं कि ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता समाज और राज्य के प्रति मजबूती से अपने कंधे पर उठाने लिए हौसला और जूनून चाहिए। दिवंगत में वह सारे गुण थे। एक लंबे समय के बाद उन्होंने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में दिशा देने का भी काम किया। अभी भी मन मानने को तैयार नहीं हैं कि वे हमारे बीच नहीं हैं। फिर भी विधि के विधान को न हम टाल सकते हैं और न आप टाल सकते हैं।

**दुख की घड़ी में हम उनके परिजनों के साथ :** मुख्यमंत्री ने बताया कि इस विधान चक्र के साथ हमें भी आगे चलना है और निश्चित रूप से सदैव पार्टी इनके लिए ऋणी के रूप में रहेगी। हम सभी कई सारे लोग यहां मौजूद हैं, जो दलगत भाव से ऊपर उठकर यहां उपस्थित हुए हैं। जी मैंने देखा, मैंने सुना वे कहीं न कहीं एक ऐसे व्यक्तित्व के धनी रहे हैं। उन्होंने जहां एक पार्टी के साथ-साथ सभी वर्ग को उनकी समस्या से लेकर और अपनी पहचान को लेकर आगे बढ़ते रहे। आज इस दुख की घड़ी में हम सभी लोग उनके समस्त परिजनों के साथ हैं और आगे भी रहेंगे। हम सब लोग प्रार्थना करें, इन्हें भगवान अपने चरणों में स्थान दें और वे हमारे बीच नहीं रहते हुए भी एक मिसाल के तौर पर कायम रहे।

श्राद्ध कर्म के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री राधा कृष्णा किशोर, मंत्री दीपिका पांडेय, इरफान अंसारी, मंत्री हफीजुल अंसारी, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद महुआ मांजी मौजूद रहे, जहां सभी ने दिवंगत मंत्री को श्रद्धांजलि दी।

# पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर दीपोत्सव,मंदिरों में हुआ विशेष पूजा तो मजार पर चादरपोशी कर मांगी दुआ

संवाददाता

**रांची:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रांची सहित पूरे झारखंड में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। प्रदेश भाजपा के आह्वान पर आयोजित इस दीपोत्सव में भाजपा कार्यकताओं ने प्रदेश कार्यालय से लेकर मंदिरों, गुरुद्वारों, चौक चौराहों पर दीप जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीघार्यु जीवन की कामना की गई। वहीं डोरंडा स्थित मजार पर चादरपोशी कर दुआ मांगी गई। प्रदेश भाजपा कार्यालय में इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने दीया जलाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर खुशियां मनाई।

**सैंड आर्ट से बना पीएम मोदी का कलाकृति रहा आकर्षण का केंद्र :** राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक का नजारा ही बदला हुआ था। गुरुवार शाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने 21000 दीया जलाए, आतिशबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर लोगों के बीच लड्डू बांटे। सैंड आर्ट से बना पीएम नरेंद्र मोदी का कलाकृति इस दौरान आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



भाजपा नेता रमेश सिंह के द्वारा आयोजित इस दीपोत्सव कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा सहित कई बड़े नेता शामिल हुए। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा करते हुए उनके दीघार्यु जीवन की कामना की।

बीजेपी नेता और विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन जनता के लिए समर्पित है और जिस तत्परता के साथ उन्होंने देश को आगे बढ़ाने का काम किया है, उससे भारत की छवि दुनियां के देशों में ना केवल सराहा जा रहा है, बल्कि लोहा भी माना जा रहा है।

**रिसालदार बाबा मजार पर चढ़ाया गया चादर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार शाम राजधानी रांची के डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा मजार पर मुसलमानों के द्वारा चादरपोशी की गई। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री मिस फीका हसन और प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष ताजदार आलम के नेतृत्व में रिसालदार बाबा मजार पहुंचे लोगों ने प्रधानमंत्री की लंबी उम्र के लिए दुआ मांगी। चादरपोशी के अलावे दिया भी जलाए और पीएम मोदी के सुखद जीवन की कामना की। इस मौके पर आरीफ नासिर भट्ट सहित भाजपा से जुड़े बड़ी संख्या में मुसलमान शामिल थे।

## 37 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप, महिला समेत दो के खिलाफ अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज

**रांची:** राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में करीब 37 लाख रुपये की धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और गबन का मामला सामने आया है। इस संबंध में काजल सिंह ने अरगोड़ा थाने में लिखित शिकायत दी है। जिसके आधार पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

**क्या है पूरा मामला :** काजल सिंह की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरती देवी और उनके पति प्रमोद पांडे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (2), 318 (4) और 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता काजल सिंह ने पुलिस को बताया है कि दोनों आरोपियों ने अपनी व्यक्तिगत और पारिवारिक जरूरतों का हवाला देकर उनसे रुपये लिए थे। आरोप है कि रुपये लेते समय आरोपियों ने तय समय पर पूरी रकम वापस करने का भरोसा दिलाया था। भरोसा कर काजल सिंह ने अलग-अलग तारीखों पर आरोपियों को नगद रुपये दे दिए।

**डायरी में दर्ज है लेनदेन का ब्योरा :** शिकायत में काजल सिंह ने अलग-अलग तारीखों में किए गए नकद लेनदेन का ब्योरा अपनी डायरी में दर्ज होने की बात कही है। आवेदन के अनुसार 18 अगस्त 2025 से 5 जुलाई 2026 के बीच कई बार रकम दी गई। शिकायतकर्ता के अनुसार डायरी में दर्ज लेनदेन की कुल राशि करीब 34.60 लाख रुपये है। इसके अलावा अन्य छोटे-बड़े नकद खर्च को जोड़कर कुल देय राशि करीब 37 लाख रुपये होने का दावा किया गया है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि शुरूआत में आरोपियों ने समय पर पैसे लौटाने का भरोसा दिया, लेकिन तय समय बीतने के बाद भी जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी तो दोनों आरोपी अलग-अलग बहाने बनाकर मामले को टालते रहे। आरोप है कि लगातार तकादा करने के बाद आरोपियों ने रकम वापस करने से इनकार कर दिया।

**विश्वास में लेकर रकम लेने का आरोप :** काजल सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि आरती देवी और प्रमोद पांडे ने उनका विश्वास हासिल करने के बाद उनसे बड़ी मात्रा में नकद राशि ली। शिकायतकर्ता ने इसे सुनियोजित तरीके से विश्वास में लेकर रकम हड़पने और अमानत में खयानत का मामला बताया है।

**शिकायतकर्ता ने उपलब्ध कराया साक्ष्य :** शिकायतकर्ता ने पुलिस को दिए आवेदन में मामले से संबंधित साक्ष्य भी उपलब्ध कराने की बात कही है। इसमें नगद लेनदेन संबंधित दर्ज डायरी के पन्नों की छायाप्रति और आरोपियों के मोबाइल नंबरों पर हुई बातचीत व कॉल डिटेल को महत्वपूर्ण साक्ष्य बताया गया है। अरगोड़ा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की जिम्मेदारी सब-इंस्पेक्टर आनंद कुमार साह को सौंपी है।

# गरीबों का आशियाना उजाड़ने से पहले बसाए सरकार : उर्मिला यादव

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभुकों को बेघर करना न्याय संगत नहीं!

संवाददाता

**रांची :** झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रहने वाले गरीबों के आशियाने को उजाड़ना मानवता विरोधी कदम है। गरीब व बेसहारा लोगों की झोपड़ियां उजाड़ कर, उन्हें बेघर कर सड़कों पर रहने को विवश कर देना न्यायोचित नहीं कहा जा सकता है। उक्त बातें एचईसी परिसर स्थित रांची नगर निगम वार्ड संख्या 41 के पूर्व पार्षद व एचईसी क्षेत्र की लोकप्रिय समाजसेविका उर्मिला यादव ने कही। श्रीमती यादव एचईसी की जमीन से अतिक्रमण हटाने के नाम पर प्रशासन द्वारा गरीबों की बस्तियां उजाड़ने पर बुधवार को अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि जिन गरीबों की झोपड़ियों को प्रशासन द्वारा उजाड़ा जा रहा है, उनमें अधिकतर प्रधानमंत्री आवास



योजना (शहरी) के लाभुक हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आनि-भुसुर परियोजना रांची प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत सैंकड़ों लाभुकों को चिन्हित किया गया था। इसके एवज में सर्वे आईडी और डोर स्टीकर भी रांची नगर निगम द्वारा मुहैया कराया गया।

वार्ड 41 की तत्कालीन पार्षद उर्मिला यादव द्वारा क्षेत्र के लाभुकों की सूची रांची नगर निगम प्रबंधन को सौंपी गई थी। प्रत्येक लाभुकों से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत केनरा बैंक की बिरसा चौक शाखा (रांची) में पांच हजार रुपए (पंजीकरण राशि) का चालान प्रपत्र भरकर जमा करवाया गया था। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक रूप से कई लाभुक बिरसा चौक-हरमू रोड पर झुग्गी-झोपड़ी बनाकर इस आशा में रह रहे थे कि प्रधानमंत्री आवास योजना द्वारा उन्हें आवास मुहैया करा दिया जाएगा। लेकिन उनकी आशाओं पर पानी फिर गया। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों की झुग्गी-झोपड़ियों को प्रशासन द्वारा अकस्मात बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया जाना अमानवीय कृत्य है। उन्होंने इस घटना की तीव्र निंदा करते हुए कहा कि इस संबंध में केंद्र व राज्य सरकार अविलंब संज्ञान ले और गरीबों के आशियाने को उजाड़ने से पहले उन्हें पुनर्वासित करने की ठोस व्यवस्था करे। उन्होंने कहा कि बरसात के समय गरीबों का आशियाना उजाड़ कर छोटे-छोटे बच्चों व महिलाओं को बिलखते हुए सड़क पर छोड़ दिया जाना मानवता नहीं है। श्रीमती यादव ने केंद्र व राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि जब तक गरीबों और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को पुनर्वासित नहीं किया जाता है, तब तक उनके आशियाने को उजाड़ कर उन्हें बेघर ना किया जाए। इस संबंध में श्रीमती यादव ने स्थानीय प्रशासन से भी अनुरोध किया है।

## इद्रीसिया मरकजी 84 पंचायत के सदर पद के उम्मीदवार हैं मोहम्मद इस्लाम



**रांची:** जमीयत इद्रीसिया मरकजी 84 पंचायत के सदर पद के लिए मोहम्मद इस्लाम उम्मीदवार हैं। उनके समर्थकों की ओर से चुनाव को लेकर प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। प्रचार सामग्री में मोहम्मद इस्लाम के लिए अनुभव, ईमानदारी और सामाजिक भागीदारी को प्रमुख आधार बताया गया है। समर्थकों के अनुसार, उनका उद्देश्य बिरादरी में एकता को मजबूत करने के साथ शिक्षा, सामाजिक भागीदारी और विकास को बढ़ावा देना है। प्रचार संदेश में कहा गया है कि मजबूत बिरादरी से खुशहाल समाज की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 27 सितंबर को मतदान होना है। मोहम्मद इस्लाम का चुनाव चिह्न ह्यकलमह्ल है और उनका क्रमांक 4 बताया गया है। समर्थकों ने मतदाताओं से कलम चुनाव चिह्न पर मतदान करने की अपील की है। प्रचार सामग्री में नारा दिया गया है– ह्लआपका भरोसा हमारी ताकत, मिलकर बनाएं बेहतर कल।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर मुस्लिम महिलाओं ने काटा केक



**रांची :** पीएम मोदी के जन्मदिन पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने गुरुवार राजधानी रांची के धुर्वा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर बड़े ही उत्साह के साथ केक काटकर उनके दीघार्यु जीवन की कामना की। इस जन्मोत्सव कार्यक्रम में रांची की मुस्लिम बहनें और भाइयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उपर वाले से दुआ मांगकर उनके सुखद जीवन की कामना की।

भाजपा कार्यकर्ता जॉनी वॉकर खान के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिन मना रही मुस्लिम महिलाओं ने कहा कि उनके लिए पीएम मोदी ने बहुत कुछ किया है, ऐसे में उनकी लंबी उम्र के लिए हमलोग दुआ करते हैं।

भाजपा कार्यकर्ता जॉनी वाकर खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 76वां जन्मदिन है, भगवान बिरसा मुंडा की धरती से हम उनके दीघार्यु जीवन की कामना करते हैं और यह मैसेज देने की कोशिश कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी न केवल देश के हिंदुओं के प्रधानमंत्री हैं बल्कि करोड़ों मुसलमान के भी प्रधानमंत्री हैं। उनके द्वारा दी गई योजना का लाभ न केवल हिंदू उठाते हैं बल्कि मुसलमान भी उठाते हैं। ऐसे में उनके जन्मदिन को हम लोग खास रूप से मनाकर उनकी लंबी उम्र की दुआ कर रहे हैं।

**हाथों में तख्ती लिए पीएम मोदी के लिए दुआ मांगती रही मुस्लिम महिलाएं :** पीएम मोदी के जन्मदिन को खास रूप से मना रही मुस्लिम महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। हाथों में तख्ती लिए हैप्पी बर्थडे कहकर दुआ मांग रही मुस्लिम महिलाओं ने इस दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके सुखद जीवन की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर को हाथ में लिए इन मुस्लिम महिलाओं ने इस दौरान केक काटकर एक दूसरे को खिलाया।

## यूपीआई ट्रांजैक्शन पर चार्ज लगाए जाने का झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जताया विरोध




**रांची:** केंद्र सरकार के द्वारा 2000 रुपये से अधिक के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर 0.40% चार्ज लगाए जाने का झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने विरोध जताया है। चेंबर अध्यक्ष तुलसी पटेल ने कहा है कि इससे हवाला कारोबार को बढ़ावा मिलेगा।

एफजेसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार का यह फैसला व्यवसायियों के हित में नहीं है। यूपीआई को सरल करने के बजाय केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे लाने के लिए यह कदम उठाया है। इस निर्णय से व्यवसायियों को क्षति होगी। उन्होंने कहा कि यूपीआई के जरिए लोग छोटे-मोटे ट्रांजैक्शन करते थे और खुदरा और नगद पैसा लेकर निकलने की जरूरत नहीं पड़ती थी। इससे सुरक्षा भी सुनिश्चित होती थी और सहूलियत भी मिलती थी। हालांकि 2000 रुपये तक की राशि तक के ट्रांजैक्शन को फ्री किया गया है। इसके बावजूद व्यवसायियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने यूपीआई ट्रांजैक्शन पर चार्ज लगाए जाने के विरोध में केंद्र सरकार को पत्र लिखने का निर्णय लिया है। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि हम इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेंगे और पत्र के माध्यम से विरोध जताने का काम करेंगे। गौरतलब हो कि केंद्र सरकार ने 2000 रुपये तक के ट्रांजैक्शन पर 0.40% चार्ज के साथ 18% जीएसटी शुल्क व्यवसायियों से वसूलने का निर्णय लिया है। हालांकि, यह चार्ज 300 रुपये से ज्यादा नहीं होगा। खास बात यह है कि यूपीआई के जरिए अपने परिवार वालों को पैसे भेजने पर शुल्क नहीं लगेगा। नई व्यवस्था के तहत सामान्य श्रेणी में 0.4 प्रतिशत शुल्क लिया जाएगा, जबकि कुछ क्षेत्रों और स्कूल फीस के लिए प्रति लेनदेन पांच रुपये की दर रखी गई है।

# डॉ. अजीत सहाय ने यूनियन क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया अभिनंदन



संवाददाता

**रांची:** प्लाजा चौक स्थित यूनियन क्लब सभागार में यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बिहार क्लब एंड लाइब्रेरी के महासचिव डॉ. अजीत सहाय के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने शामिल होकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया।

इस दौरान रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रवींद्र वर्मा, आदिवासी लोहरा समाज के वरिष्ठ नेता अशोक लोहरा और महावीर मंदिर पूजा समिति के राजेंद्र साहू ने यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष स्वराट चौधरी, उपाध्यक्ष जाय, सचिव राजा सेन गुप्ता, गौतम भट्टाचार्य और शेतांक सेन उर्फ बब्लू तथा कोषाध्यक्ष जगदीप बनर्जी सहित सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का अभिनंदन किया।

डॉ. अजीत सहाय ने साझा किए बिहार क्लब के अनुभव

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. अजीत सहाय ने अपने नेतृत्व में वर्षों से संचालित बिहार क्लब एंड लाइब्रेरी के कार्यों और अनुभवों की जानकारी साझा की। उन्होंने सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं की भूमिका पर चर्चा करते हुए यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

डॉ. सहाय ने कहा कि क्लब और सामाजिक संस्थाओं को जनहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से समाजहित में निरंतर कार्य करने की अपील की।

**सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी दी शुभकामनाएं :** कार्यक्रम में डॉ. अजीत सहाय के साथ रहे जितेंद्र वर्मा, अजय राय और मंदिर समिति के काला बाब ने भी सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। समारोह में यूनियन क्लब के अनेक गणमान्य सदस्यों के साथ-साथ क्षेत्र के कई सामाजिक एवं प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

## टाटा संस चेयरमैन की पुनर्नियुक्ति पर टाटा ट्रस्ट्स ने उठाए कानूनी सवाल

**रांची:** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन की 20 फरवरी 2027 के बाद पुनर्नियुक्ति को लेकर टाटा ट्रस्ट्स ने अपना विरोध दोहराया है। टाटा ट्रस्ट्स के अनुसार, चंद्रशेखरन ने 12 अगस्त 2026 को बोर्ड को पत्र लिखकर मौजूदा कार्यकाल पूरा होने के बाद अगले कार्यकाल के लिए स्वयं को प्रस्तुत नहीं करने का निर्णय बताया था, जिसे ट्रस्ट्स ने स्वीकार कर उत्तराधिकारी की नियुक्ति के लिए चयन समिति गठित करने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा था। 17 सितंबर को टाटा संस की बोर्ड बैठक में ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल एन. टाटा ने भी इस रुख को दोहराते हुए पुनर्नियुक्ति प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। उनके अनुसार, टाटा संस के एसोसिएशन के अनुच्छेदों के तहत चेयरमैन की नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति के लिए ट्रस्ट्स द्वारा नामित निदेशकों की सहमति आवश्यक है और इस स्थिति में प्रस्ताव वैध नहीं है। नोएल एन. टाटा ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. डी.वाई. चंद्रचूड़ की कानूनी राय भी बोर्ड के समक्ष रखी। ट्रस्ट्स ने कहा है कि वह टाटा संस और टाटा समूह के दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित और समयबद्ध नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है।

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**रांची :** श्री गौरा आयुर्वेद औषधालय, निर्मला चर्च के सामने, लोवाडीह, पुरुलिया रोड में दिनांक 20 सितम्बर, दिन रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शुगर जांच, बीपी जांच, अन्य जांच के साथ-साथ चिकित्सक परामर्श भी निःशुल्क किया जाएगा, इस शिविर में डॉ बीके अग्रवाल, वैद्य पीके झा, डॉ एके आर्या एवं अन्य चिकित्सक अपनी सेवा देंगे। इस शिविर में कुछ उपलब्ध दवाईयां भी निःशुल्क दिया जाएगा। शिविर का उद्घाटन मेयर रोशनी खलखो, डिप्टी मेयर नीरज कुमार करेंगे। यह शिविर सुबह 10 बजे से दिन के 2 बजे तक रहेगा। विशेष जानकारी के लिए इस नंबर - 9709399341 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## कालिदास की भूल और डिजिटल इंडिया की 'डाल' पर शुल्क की कुल्हाड़ी

संस्कृत साहित्य के शिखर पुरुष महाकवि कालिदास के प्रारंभिक जीवन का एक प्रसंग अत्यंत प्रसिद्ध है। ज्ञान और बोध से शून्य कालिदास एक वृक्ष की उसी डाल को कुल्हाड़ी से काट रहे थे, जिस पर वे स्वयं बैठे थे। राहगीरों ने उन्हें टोका कि ऐसा करने से वे स्वयं नीचे गिरेंगे और चोटिल होंगे, परंतु कालिदास ने उस समय इस चेतावनी को अनसुना कर दिया। परिणाम वही हुआ, डाल कटी और वे धड़ाम से नीचे आ गिरे। इस आत्मघाती कृत्य के बाद जब उन्हें विद्वानों द्वारा सत्य का ज्ञान दिया गया, तब कहीं जाकर उनके 'ज्ञान चक्षु' खुले और वे अंधकार से निकल कर प्रज्ञा के आलोक की ओर बढ़े। आज भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा 15 अक्टूबर 2026 से ?2,000 से अधिक के मर्चेंट भुगतानों पर 0.4 फीसद मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने का निर्णय ठीक वैसी ही नीतिगत भूल प्रतीत होता है। सरकार जिस 'डिजिटल ट्रांजैक्शन' और 'कैशलेस इकोनॉमी' की मजबूत डाल पर बैठकर देश की जीडीपी (जीडीपी) और कर संग्रह को बढ़ाने का दावा कर रही है, वह अब उसी डाल को शुल्क रूपी कुल्हाड़ी से काटने की तैयारी में है। पिछले एक दशक में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) भारत की सबसे बड़ी सफलता को दर्शाता है। इसने देश के आर्थिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया, जिसमें कि देश के 55 करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ता और करोड़ों छोटे-बड़े व्यापारी इस तंत्र से जुड़े। जब लेन-देन डिजिटल हुआ, तो अनौपचारिक अर्थव्यवस्था बैंकिंग प्रणाली के दायरे में आ गई। इसके कारण सरकार का जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड ?1.8 लाख करोड़ से ?2 लाख करोड़ प्रति माह के स्तर को छूने लगा। यूपीआई की इस अभूतपूर्व सफलता का एकमात्र सबसे बड़ा स्तंभ इसका पूरी तरह से निःशुल्क होना था। उपभोक्ताओं और व्यापारियों ने इसे इसलिए अपनाया क्योंकि यह नकद से अधिक सुरक्षित और पूरी तरह मुफ्त था, किंतु अब जब ?2,000 से ऊपर के लेन-देन पर 0.4 फीसद का शुल्क (अधिकतम ?300) लगाया जा रहा है, तो आप यह मानकर चलें कि केंद्र सरकार के लिए यह कदम आत्मघाती साबित होगा। वस्तुतः इसके पीछे उल्लेखित ठोस तथ्य और आंकड़े मौजूद हैं, जिन्हें बिल्कुल भी नकारा नहीं जा सकता है। जैसे कि भारत में खुदरा व्यापारियों का नेट प्रॉफिट मार्जिन बहुत कम होता है, आमतौर पर तीन फीसद से पांच प्रतिशत तक यह देखा जाता है। ऐसे में यदि सरकार उनसे 0.4 प्रतिशत का शुल्क लेगी, तो यह उनके मुनाफे का सीधे 10 से 13 प्रतिशत हिस्सा छीन लेगी। जिसका परिणाम यह होगा कि व्यापारी इस शुल्क से बचने के लिए ग्राहकों को दोबारा नकद में भुगतान करने के लिए मजबूर या प्रोत्साहित करेंगे। वहीं, इस शुल्क के लागू होने से उच्च-मूल्य वाले मर्चेंट डिजिटल ट्रांजैक्शन में 15 फीसद से 20 प्रतिशत तक की भारी गिरावट आ सकती है। सरकार का तर्क है कि यूपीआई इंफ्रास्ट्रक्चर को चलाने के लिए सालाना लगभग ?20,000 करोड़ का खर्च आता है, जिसकी भरपाई के लिए यह शुल्क जरूरी है, किंतु कालिदास की तरह सरकार दूरगामी नुकसान को नहीं देख पा रही है, यदि सिर्फ 15 प्रतिशत लेन-देन भी वापस नकद (ब्लैक मनी/अनअकाउंटेड कैश) में बदल जाता है, तो अर्थव्यवस्था से पारदर्शिता खत्म होगी। इसके कारण सरकार को जो जीएसटी (जीएसटी) और कॉर्पोरेट/आयकर का नुकसान होगा, वह इस यूपीआई शुल्क से मिलने वाले ?20,000 करोड़ के राजस्व से कहीं अधिक (अनुमानित ?50,000 करोड़ से ऊपर) होगा। यानी थोड़े से राजस्व के लालच में सरकार अपने बड़े टैक्स बेस का नुकसान कर बैठेगी।दूसरी ओर भले ही सरकार कह रही है कि यह शुल्क व्यापारियों पर लगेगा, किंतु अर्थशास्त्र का बुनियादी नियम है कि हर अप्रत्यक्ष लागत अंततः उपभोक्ता पर ट्रांसफर होती है। व्यापारी अपने उत्पादों की कीमतें 0.5 फीसद से अधिकतम दो प्रतिशत तक बढ़ा देंगे। इससे बाजार में अप्रत्यक्ष महंगाई बढ़ेगी और डिजिटल भुगतान के प्रति जनता का विश्वास कमजोर होगा। यह इसलिए भी संभव है, क्योंकि बाजार पर न राज्यों के स्तर पर और न ही केंद्र के स्तर पर लागत के मुकाबले एमआरपी पर किसी का कोई जोर नहीं है। जिसकी जो इच्छा होती है, वह उसकी वह एमआरपी तय करता है।अतः हम फिर एक बार कालिदास पर आते हैं, जैसे उन्हें जब अपनी भूल का अहसास कराया गया, तब उन्होंने तंत्र-मंत्र और अज्ञानता को छोड़कर मां सरस्वती की साधना की और महान ग्रंथों की रचना की। ठीक इसी तरह, केंद्र सरकार को भी अपने 'आर्थिक ज्ञान चक्षु' खोलने की आवश्यकता है। वस्तुतः राष्ट्रीय अवसंरचना का सिद्धांत यही कहता है कि जैसे सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों, रेलवे लाइनों और सार्वजनिक पार्कों का निर्माण करती है और उनका पूरा खर्च जनता से सीधे वसूलने के बजाय उसे 'देश के विकास की लागत' मानती है, वैसे ही यूपीआई को एक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर (सार्वजनिक संपत्ति) माना जाना चाहिए। ऐसे में तथ्य यही समझ आता है कि इस पूरे प्रकरण में सब्सिडी ही सही मार्ग है। सरकार को व्यापारियों की जेब काटने के बजाय अपने केंद्रीय बजट से हर साल ?15,000 से ?20,000 करोड़ की स्थायी वित्तीय सहायता बैंकों और एनपीसीआई को देनी चाहिए। यह खर्च देश की जीडीपी को मिलने वाली रफ्तार और पारदर्शी टैक्स कलेक्शन के सामने बेहद मामूली है, यह तो सरकार एवं उनके आर्थिक विशेषज्ञ भी जानते ही हैं। वस्तुतः यूपीआई पर शुल्क लगाने का निर्णय ठीक वैसा ही है जैसा उस सोने का अंडा देने वाली मुर्गी को काटने जैसा है, जो प्रतिदिन सरकार को टैक्स के रूप में करोड़ों का राजस्व दे रही है। यदि सरकार ने समय रहते इस फैसले की समीक्षा नहीं की और अपने नीतिगत 'ज्ञान चक्षु' नहीं खोले, तो डिजिटल इंडिया की यह ऐतिहासिक डाल कट जाएगी और देश की अर्थव्यवस्था वापस 'कैश इज किंग' (नकद राज) के पुराने और पारदर्शी-हीन दौर में पहुंच जाएगी। अच्छा हो, मोदी सरकार कालिदास की भूल से कुछ सीख लेगी, वैसे भी सरकार में बैठे एवं केंद्र में जिस राजनीतिक पार्टी की सत्ता है वह भारतीय जनता पार्टी हर वर्ष कालीदास की जयन्ती पर उन्हें उनके विद्या योगदान के लिए नमन तो करती ही है, आशा है, उनके आचरण से सबक भी लेगी, इसलिए इस शुल्क को तुरंत वापस लेना चाहिए ताकि देश के डिजिटल पैर सुरक्षित रहें।

# योगी आदित्यनाथ पर उनके काम, उपलब्धियों और आंकड़ों के आधार पर हो बात

**योगी आदित्यनाथ की राजनीति में गोरखपुर और पूर्वांचल की इंसेफेलाइटिस त्रासदी कोई नया मुद्दा नहीं थी। मुख्यमंत्री बनने से पहले भी वे संसद में इस बीमारी के कारण बच्चों की मौतों का मुद्दा उठाते रहे। सत्ता में आने के बाद इस समस्या से निपटने के लिए स्वास्थ्य के साथ स्वच्छता, पेयजल और ग्रामीण विकास को जोड़कर काम किया गया।**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरोध में कितनी भी तीखी भाषा इस्तेमाल की जाए, उससे एक बुनियादी तथ्य नहीं बदलता कि किसी सरकार का मूल्यांकन अंततः उसके काम और उसके परिणामों से होता है। वर्ष 2017 में जब योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की सत्ता संभाली थी, तब राज्य के सामने कानून-व्यवस्था, स्वास्थ्य, रोजगार, निवेश, बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास जैसी अनेक बड़ी चुनौतियां मौजूद थीं।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

करीब नौ वर्ष बाद तस्वीर को समझने के लिए राजनीतिक नारों से अधिक महत्वपूर्ण वे आंकड़े हैं, जो सरकार के कामकाज का एक ठोस आधार प्रस्तुत करते हैं। योगी आदित्यनाथ की राजनीति में गोरखपुर और पूर्वांचल की इंसेफेलाइटिस त्रासदी कोई नया मुद्दा नहीं थी। मुख्यमंत्री बनने से पहले भी वे संसद में इस बीमारी के कारण बच्चों की मौतों का मुद्दा उठाते रहे। सत्ता में आने के बाद इस समस्या से निपटने के लिए स्वास्थ्य के साथ स्वच्छता, पेयजल और ग्रामीण विकास को जोड़कर काम किया गया। वस्तुतः सरकारी आंकड़े इस बदलाव की दिशा को ओर अधिक स्पष्ट करते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार 2017 की तुलना में 2023 में एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम के मामलों में 76 प्रतिशत और मृत्यु-दर में 98 प्रतिशत की कमी हुई। जापानी इंसेफेलाइटिस के मामलों में 85 प्रतिशत तथा मृत्यु में 96 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। यानी जिस बीमारी को पूर्वांचल के हजारों परिवारों की नियति मान लिया गया था, उसके विरुद्ध रोकथाम, स्वच्छता, पेयजल और चिकित्सा व्यवस्था को एक साथ जोड़कर परिणाम हासिल करने का दावा अब आंकड़ों में दर्ज है। आगे स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव इंसेफेलाइटिस तक सीमित न रहते हुए सुधार की दिशा में बहुत आगे पहुंचा। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के सभी 75 जिलों में मुफ्त डायलिसिस सुविधा उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश आज 63,407 पंजीकृत स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ देश में पहले स्थान पर है। राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 85 हो गई है, जिनमें से कई नए सरकारी मेडिकल कॉलेज योगी शासन के दौरान ही स्वीकृत और बनाए गए हैं। इसके अलावा, ग्रामीण और शहरी स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए 22,681 आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं और राज्य में कुल सरकारी अस्पतालों की संख्या 4,942 से अधिक हो गई है। स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 1.31 करोड़ परिवारों को स्वास्थ्य कार्ड जारी किए हैं, जिससे कुल 5.59 करोड़ लाभार्थी इसके दायरे में आ चुके हैं। योजना के अंतर्गत करीब 13,353 करोड़ रुपये खर्च करके 81.55 लाख से अधिक मरीजों का अब तक मुफ्त इलाज किया जा चुका है। इलाज को सुगम बनाने के लिए राज्य में आयुष्मान योजना से जुड़े 6,213 अस्पतालों का एक बड़ा नेटवर्क तैयार किया गया है। साथ ही, सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा योजना भी पूरी तरह काम कर रही है। 74 जिलों में सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध है और सस्ते दामों पर दवाइयाँ देने के लिए 873 जन औषधि केंद्र संचालित हैं। मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए '108' और '102' सेवाओं के तहत 4,500 से अधिक एंबुलेंस का बेड़ा तैनात है, जिससे अब तक करोड़ों लोग लाभ उठा चुके हैं।

डिजिटल हेल्थ और मातृ स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी राज्य ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। प्रदेश में अब तक 5.76 करोड़ से अधिक नागरिकों के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड तैयार किए जा चुके हैं। अस्पतालों और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के कारण राज्य में संस्थागत प्रसव का आंकड़ा सुधरकर 96.12 फीसद तक पहुंच गया है। गर्भवती महिलाओं को इसके तहत मुफ्त अल्ट्रासाउंड के लिए ई-वाउचर की सुविधा भी दी जा रही है। योगी सरकार की सबसे प्रमुख राजनीतिक पहचान कानून-व्यवस्था को लेकर बनी। सरकार ने अपराध और माफिया के खिलाफ ह्यजीरो टॉलरेंसह्ल नीति को शासन का प्रमुख आधार बनाया। अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई, संगठित अपराध के विरुद्ध अभियान और पुलिस व्यवस्था में तकनीकी बदलाव को इसी नीति से जोड़ा गया है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश की आर्थिक नीतियों में भी सुरक्षा और निवेश के वातावरण को साथ-साथ रखा जा रहा है। कभी उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए कठिन राज्य मानने की धारणा रही थी। अब नीतिगत सुधारों और ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेसह्ल के जरिए राज्य की निवेश क्षमता बदली है। फरवरी 2026 में सरकार की ओर से विधानसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार पिछले करीब नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए और 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की बात सामने आई। जिसमें कि 60 लाख से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई क्षेत्र की भूमिका तेजी से बढ़ी है। वर्तमान सरकारी पोर्टल पर लगभग 99 लाख एमएसएमई और 98.16 लाख औपचारिकीकृत एमएसएमई दर्ज हैं। इनमें 17.35 प्रतिशत महिला स्वामित्व वाले उद्यम भी दर्ज हैं। ह्यएक जिला, एक उत्पादह्ल योजना ने स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक कारीगरों को बाजार से जोड़ने का प्रयास किया। यह आंकड़ा उस विकास मॉडल की ओर संकेत करता है जिसमें रोजगार का अर्थ सरकारी नौकरी से इतर उद्यमिता और स्वरोजगार भी है।योगी सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश की विकास नीति में एक्सप्रेसवे और औद्योगिक गलियारों को महत्वपूर्ण स्थान मिला। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे जैसी परियोजनाओं ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों को तेज संपर्क से जोड़ने की दिशा में काम किया। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को भी औद्योगिक विस्तार से जोड़ा गया है।प्रदेश में 1947 से 2017 तक कुल करीब 14 हजार कारखाने थे, जबकि पिछले साढ़े आठ वर्षों में यह संख्या 31 हजार से अधिक हो गई।

रोजगार के प्रश्न पर सरकार ने सरकारी नियुक्तियों और निजी क्षेत्र दोनों को समानांतर रूप से आगे बढ़ाने की नीति अपनाई। पिछले वर्षों में 9.30 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां दी गईं। इसके साथ रोजगार संगम पोर्टल सरकारी और निजी नौकरियों, रोजगार मेलों, कैंपस प्लेसमेंट और अप्रेंटिसशिप को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहा है। पोर्टल पर वर्तमान में 45.75 लाख से अधिक नौकरी चाहने वालों का पंजीकरण और 7.60 लाख से अधिक जॉब अवार्ड दर्ज हैं। शिक्षा क्षेत्र में ऑपरेशन कायाकल्प के जरिए सरकारी विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं को बदलने पर जोर दिया गया। 1.91 करोड़ से अधिक बच्चों, 1,565 हाई-टेक सरकारी विद्यालयों, 6,481 नए विद्यालयों और 57 कंपोजिट विद्यालय इसके सशक्त उदाहरण हैं। एआई, ड्रोन, रोबोटिक्स और 3डी प्रिंटिंग जैसे पाठ्यक्रमों को आईटीआई से जोड़ने की दिशा यह बतलाती है कि यूपी शिक्षा में आगे है।

# ब्रिक्स की उपलब्धि बनाम राजनीतिक संकीर्णता

**अंतरराष्ट्रीय आयोजन के तुरंत बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से आया वह बयान स्वाभाविक रूप से बहस का विषय बन गया, जिसमें उन्होंने ब्रिक्स के रात्रिभोज में शाकाहारी भोजन परोसे जाने के संदर्भ में 80 फीसदी भारतीयों को मांसाहारी बताते हुए भारत के मांसाहारी भोजन को स्वादिष्ट बताया।**

भारत ने हाल ही में नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। दुनिया के प्रमुख उभरते देशों के नेता भारत आए। वैश्विक अर्थव्यवस्था, आतंकवाद, ऊर्जा, स्वास्थ्य, जलवायु, तकनीक, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार, वैश्विक संस्थाओं में सुधार और ग्लोबल साउथ की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। 45 पृष्ठों की नई दिल्ली घोषणापत्र के माध्यम से सदस्य देशों ने अनेक मुद्दों पर साझा सहमति भी व्यक्त की। ऐसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आयोजन के तुरंत बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से आया वह बयान स्वाभाविक रूप से बहस का विषय बन गया, जिसमें उन्होंने ब्रिक्स के रात्रिभोज में शाकाहारी भोजन परोसे जाने के संदर्भ में 80 फीसदी भारतीयों को मांसाहारी बताते

**-प्रो. महेश वर्मा**

हुए भारत के मांसाहारी भोजन को स्वादिष्ट बताया। सवाल यह नहीं है कि कोई व्यक्ति शाकाहारी है या मांसाहारी। भारत विविधताओं का देश है और प्रत्येक नागरिक को अपनी भोजन-पसंद का अधिकार है। असली सवाल यह है कि विपक्ष के नेता से सार्वजनिक जीवन में किस प्रकार की राजनीतिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी की अपेक्षा की जाती है? क्या हर उपलब्धि को राजनीतिक चश्मे से देखना उचित है? विपक्ष का काम सरकार से सवाल पूछना है। सरकार की नीतियों की आलोचना करना है। गलतियों को उजागर करना है। यह लोकतंत्र की अनिवार्य आवश्यकता है। लेकिन क्या विपक्ष की जिम्मेदारी केवल विरोध करना है? जब भारत किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर मेजबान देश के रूप में दुनिया के सामने खड़ा होता है, तब प्रधानमंत्री या सत्तारूढ़ दल की उपलब्धि से कहीं बड़ा विषय भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा बन जाता है। ब्रिक्स केवल भाजपा या नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम नहीं था। वह भारत का अंतरराष्ट्रीय दायित्व और भारत की कूटनीतिक प्रतिष्ठा थी। इसलिए सरकार की उपलब्धियों की आलोचना विपक्ष का अधिकार है लेकिन क्या ऐसी आलोचना के लिए भोजन की थाली को राजनीतिक हथियार बनाना उचित है? यही प्रश्न आज देश को राहुल गांधी से पूछना चाहिए।

राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। यह केवल एक राजनीतिक पद नहीं है। नेता विपक्ष को संसद में महत्वपूर्ण संवैधानिक-संसदीय भूमिका प्राप्त है और उन्हें कैबिनेट मंत्री के समकक्ष दर्जा प्राप्त है। इस पद के साथ सुविधाएँ और सार्वजनिक संसाधन जुड़े हैं। लेकिन उससे कहीं महत्वपूर्ण बात है- इस पद के साथ जनता का विश्वास और राष्ट्रीय जिम्मेदारी जुड़ी है। इसलिए प्रश्न यह होना चाहिए कि जब भारत किसी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करता है और दुनिया के बड़े देशों के नेता भारत आते हैं, तब विपक्ष के नेता की भाषा कैसी होनी चाहिए? क्या उन्हें उपलब्धियों पर सवाल नहीं उठाना चाहिए? बिल्कुल उठाना चाहिए। लेकिन क्या प्रश्न उठाने का केंद्र नीति, परिणाम, राष्ट्रीय हित और कूटनीतिक उपलब्धियाँ होनी चाहिए या फिर इस बात पर बहस कि विदेशी मेहमानों को भोजन में मांसाहारी व्यंजन क्यों नहीं परोसा गया? यह अंतर लोकतांत्रिक राजनीति और राजनीतिक संकीर्णता के बीच की रेखा तय करता है। भारत में शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह की खाद्य परंपराएँ हैं। भारत की विविधता में दोनों का स्थान है। लेकिन ब्रिक्स का रात्रिभोज कोई सामान्य घरेलू भोजन नहीं था। वह भारत की सांस्कृतिक और पाक-परंपरा को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का एक अवसर था। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार रात्रिभोज में खंडवी मिलेट, मशरूम, पनीर लबाबदार, गुच्छी, मिलेट पुलाव, रायता, भारतीय रोटियाँ, जलेबी और फिरनी जैसे अनेक भारतीय व्यंजन शामिल थे। ऐसे में शाकाहारी मेन्यू को भारत की किसी एक विचारधारा को थोपने के रूप में प्रस्तुत करना क्या वास्तव में उचित है? भारत की अनेक प्राचीन और समृद्ध खाद्य परंपराएँ शाकाहारी भी हैं। मिलेट, दाल, पनीर, मशरूम और अनेक क्षेत्रीय व्यंजन हमारी पाक-विविधता का हिस्सा हैं। यदि विदेशी मेहमानों के सामने भारत की ऐसी विविधता प्रस्तुत की गई तो उसे भी भारत की सांस्कृतिक शक्ति के रूप में देखा जा सकता है।

राहुल गांधी ने 80 प्रतिशत भारतीयों के मांसाहारी होने का दावा किया। लेकिन भारत में भोजन संबंधी आंकड़े इस बात पर निर्भर करते हैं कि ह्लमांसाहारीह्ल की परिभाषा क्या है- क्या कभी-कभार अंडा, मछली या मांस खाने वाला व्यक्ति भी उसी श्रेणी में आएगा या नियमित रूप से मांस खाने वाला? इसलिए किसी एक आंकड़े को अंतिम और निर्विवाद राष्ट्रीय सत्य की तरह प्रस्तुत करना अपने आप में बहस का विषय है। उससे भी बड़ा सवाल यह है कि ब्रिक्स की सफलता का मूल्यांकन क्या खाने की प्लेट देखकर किया जाना चाहिए? क्या भारत की विदेश नीति, प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय बैठकों, वैश्विक दक्षिण में भारत की भूमिका, आतंकवाद के खिलाफ साझा रुख, आर्थिक सहयोग, तकनीकी सहयोग और वैश्विक संस्थाओं में सुधार जैसे विषयों से बड़ा राष्ट्रीय मुद्दा यह है कि डिनर में चिकन या मटन क्यों नहीं था? मेरे विचार से इसे सीधे-सीधे संवैधानिक या कानूनी रूप से लोकतांत्रिक मयार्दा का उल्लंघन कहना सही नहीं होगा। विपक्ष के नेता को सरकार की आलोचना का पूरा अधिकार है। लेकिन लोकतंत्र केवल अधिकारों से नहीं चलता, जिम्मेदारियों से भी चलता है। लोकतांत्रिक मयार्दा का वास्तविक प्रश्न यही है कि क्या सार्वजनिक जीवन में पद की गरिमा के अनुरूप मुद्दों का चुनाव किया जा रहा है? एक तरफ भारत विश्व राजनीति में अपनी भूमिका मजबूत करने की कोशिश कर रहा है और दूसरी तरफ यदि हमारी घरेलू राजनीति हर अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि को पार्टी बनाम पार्टी के चश्मे से देखने लगे तो इससे अंततः नुकसान किसका होगा? सरकार का नहीं- देश का।

सत्ता पक्ष की आलोचना विपक्ष का धर्म है लेकिन राष्ट्रहित से ऊपर कोई दल नहीं हो सकता। आज भारत जिस वैश्विक संक्रमण के दौर से गुजर रहा है, उसमें ब्रिक्स जैसे मंचों का महत्व बढ़ रहा है। नई दिल्ली में हुए सम्मेलन में ग्यारह सदस्यीय विस्तारित ब्रिक्स के बीच आर्थिक सहयोग, ऊर्जा, स्वास्थ्य, कृषि, तकनीक और वैश्विक शासन से जुड़े मुद्दों पर सहमति बनी। ऐसे समय में भारत के विपक्ष को और अधिक जिम्मेदार, अधिक तथ्यपरक और अधिक राष्ट्रीय दृष्टिकोण वाला होना चाहिए। विपक्ष सरकार की आलोचना करे-पूरी ताकत से करे। लेकिन जब भारत सफल हो तो भारत की सफलता को भारत की सफलता कहने का साहस भी दिखाए। यही परिपक्व लोकतंत्र है। अंततः सवाल राहुल गांधी से नहीं, हमारी राजनीतिक संस्कृति से है। क्या हम हर अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि को राजनीतिक चश्मे से देखेंगे? क्या हम भारत की उपलब्धि को केवल इसलिए कमतर बताएँगे क्योंकि उस समय केंद्र में हमारी पसंद की सरकार नहीं है?

# राधा रानी की प्रधान ललिता सखी का पूजन आज

आज यानी की 18 सितंबर 2026 को ललिता सप्तमी का पर्व मनाया जा रहा है। यह पर्व राधा अष्टमी के एक दिन पहले आता है। यह पर्व श्री ललिता सखी को समर्पित है, जिनको ब्रज भक्ति परंपराओं में राधा रानी के अष्टसखियों में सबसे खास माना गया है। ललिता सखी को श्रीकृष्ण और देवी राधा के प्रति सच्ची निष्ठा, बुद्धिमत्ता, समर्पण और साहस के लिए याद किया जाता है। वृंदावन, बरसाना और ब्रज से जुड़े क्षेत्रों में इस पर्व का विशेष महत्व माना जाता है। तो आइए जानते हैं ललिता सप्तमी की तिथि, मुहूर्त, पूजन विधि और महत्व आदि के बारे में...



### तिथि और मुहूर्त

वैदिक पंचांग के मुताबिक 17 सितंबर सुबह 10:48 मिनट पर सप्तमी तिथि की शुरूआत हुई है। वहीं आज यानी की 18 सितंबर 2026 की दोपहर 01:01 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर ललिता सप्तमी का पर्व 18 सितंबर 2026 को मनाया जा रहा है।

### पूजन विधि

इस दिन सुबह जल्दी स्नान आदि करने के बाद साफ कपड़े पहनें और सूर्य देव को जल अर्पित करें। इसके बाद मंदिर की साफ-सफाई कर उसको गंगाजल से पवित्र करें। अब एक चौकी पर राधा-कृष्ण की प्रतिमा को स्थापित करें और साथ ही ललिता सखी की प्रतिमा को स्थापित करें। फिर चंदन, अक्षत, कुमकुम, पुष्प आदि अर्पित करें। दीपक जलाकर विधि-विधान से राधा-कृष्ण और ललिता सखी की पूजा-आराधना करें। मिठाइयों और फलों का भोग लगाएं और आरती करें।

### जानें कौन हैं ललिता सखी

ललिता सखी को ब्रज भक्ति परंपरा में श्री राधा रानी की 8 प्रमुख सहेलियों में प्रमुख माना गया है। भगवान कृष्ण और राधा की प्रेममयी सेवा के रूप में इस अष्टसखियों को आज भी याद किया जाता है।

## टिप्स

### गुणवत्तापूर्ण नींद है नींव सेहतमंद तन और मन की

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में नींद उन आवश्यकताओं में समाहित हो गई है, जिसकी सबसे अधिक उपेक्षा की जा रही है। देर रात तक मोबाइल और सोशल मीडिया का इस्तेमाल, काम का तनाव, देर से भोजन, अनियमित दिनचर्या और सुबह जल्दी उठने की मजबूरी ने हमारी प्राकृतिक नींद को प्रभावित किया है। इसका परिणाम केवल सुबह उठने पर थकान के रूप में नहीं मिलता, बल्कि धीरे–धीरे शरीर और मन दोनों की कार्यक्षमता प्रभावित होने लगती है। आयुर्वेद ने निद्रा को केवल शरीर को आराम देने वाली अवस्था नहीं माना, अपितु उसे सुख, स्वास्थ्य, पोषण, शारीरिक शक्ति, मानसिक क्षमता और जीवन से जोड़ा है।

**नींद है स्वास्थ्य का आधार** : आयुर्वेद के अनुसार उचित नींद से शरीर को पोषण मिलता है, शक्ति बढ़ती है, मन प्रसन्न रहता है और कार्य करने की क्षमता बेहतर होती है। इसके विपरीत नींद की कमी व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर कर सकती है। इसलिए नींद को समय की बबार्दी या आलस्य समझना उचित नहीं है। जिस प्रकार भोजन शरीर के लिए आवश्यक है, उसी प्रकार उचित नींद भी स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। केवल अधिक सोना स्वास्थ्य का संकेत नहीं है। सही समय पर और आवश्यकता के अनुरूप सोना अधिक महत्वपूर्ण है।

**अधिक नींद भी नुकसानदेह** : आयुर्वेद असमय सोने, आवश्यकता से अधिक सोने और आवश्यकता के बावजूद पर्याप्त नींद न लेने– तीनों को स्वास्थ्य के लिए अनुचित मानता है। स्वस्थ जीवन के लिए सोने और जागने का समय यथासंभव नियमित होना चाहिए।

**रात में जागना हानिकारक** : रात्रि का समय शरीर और मन के विश्राम के लिए स्वाभाविक रूप से निर्धारित है। लगातार रात में जागने से शरीर में रूक्षता और वात संबंधी विकार बढ़ने की संभावना रहती है। शरीर में टूटन, थकान, बेचैनी,, सिर भारी रहना, एकाग्रता में कमी और पाचन संबंधी समस्याएं इससे जुड़ सकती हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।

**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**

# 2.20 करोड़ के इनामी नक्सली असीम मंडल की पश्चिम बंगाल में गिरफ्तारी के बाद कोल्हान में बढ़ी सुरक्षा एजेंसियों की सक्रियता

## पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम पुलिस रिमांड पर लेकर करेगी पूछताछ, पुराने नक्सली मामलों और माओवादी नेटवर्क से जुड़े पहलुओं की होगी जांच

संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम ।** प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के केंद्रीय कमेटी सदस्य (सीसीएम) असीम मंडल उर्फ आकाश के पश्चिम बंगाल में गिरफ्तार होने के बाद झारखंड के कोल्हान क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियों की सक्रियता बढ़ गई है। पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस असीम मंडल को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी में जुटी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ के दौरान कोल्हान क्षेत्र में माओवादी संगठन के नेटवर्क, पुराने नक्सली मामलों, हथियार और विस्फोटक के ठिकानों तथा संगठन से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित रेनू ने



गुरुवार को बताया कि असीम मंडल को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।वहीं, पूर्वी सिंहभूम के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. एहतेशाम वकारिब ने भी मामले को लेकर आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। खुफिया विभाग असीम मंडल से जुड़े मामलों और कोल्हान क्षेत्र में उसकी कथित गतिविधियों से संबंधित जानकारी जुटा रहा है।

**2.20 करोड़ रुपये का था इनाम**

पुलिस के मुताबिक, पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना थाना क्षेत्र के उत्तर फूलचुक निवासी असीम मंडल पर झारखंड और ओडिशा में कुल 2.20 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। इसमें झारखंड सरकार की ओर से एक करोड़ और ओडिशा सरकार की ओर से 1.20 करोड़ रुपये का इनाम शामिल है।

असीम मंडल 55 से अधिक मामलों में वांछित बताया गया है। माओवादी संगठन के शीर्ष स्तर पर उसकी भूमिका और कोल्हान क्षेत्र में उसकी कथित सक्रियता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ को महत्वपूर्ण मान रही हैं।

**पूर्व सांसद सुनील महतो हत्याकांड सहित कई मामलों में नाम**

पूर्वी सिंहभूम पुलिस के अनुसार, असीम मंडल का नाम जिले में दर्ज कई चर्चित नक्सली मामलों में सामने आया है। इनमें पूर्व सांसद सुनील महतो की हत्या का मामला भी शामिल बताया जाता है। इसके अलावा 11 जुलाई 2018 को एमजीएम थाना क्षेत्र के झाटी पहाड़ी में सुरक्षा बलों पर हुए हमले में भी उसका नाम सामने आया था। इस घटना में एक सुरक्षाकर्मी की मृत्यु हुई थी।

पुलिस अब इन पुराने मामलों में असीम मंडल की कथित भूमिका और माओवादी संगठन के नेटवर्क से जुड़े पहलुओं की भी जांच करेगी।

**पश्चिमी सिंहभूम में भी कई हमलों से जुड़ा नाम**

पश्चिमी सिंहभूम में भी असीम मंडल का नाम सुरक्षा बलों पर हुए कई हमलों से जुड़े मामलों में सामने आया है। पुलिस के अनुसार, एक मार्च 2026 को छोटानागरा थाना क्षेत्र के मरांगपोंगा में 209 कोबरा के असिस्टेंट कमांडेंट समेत दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। इसी तरह 12 अप्रैल 2025 को जराइकेला थाना क्षेत्र के राधापोरा में झारखंड जगुआर के एक जवान की मृत्यु हुई थी। 11 जनवरी 2023 को टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका में 209 कोबरा के नौ जवान घायल हुए थे। 31 मई 2020 को कराईकेला थाना क्षेत्र के जोंवा में सुरक्षा बल के एक जवान की मृत्यु के मामले में भी असीम मंडल का नाम सामने आया था।

**हथियार डंप और स्थानीय नेटवर्क की जानकारी जुटाएगी पुलिस**

रिमांड के दौरान पुलिस का विशेष जोर माओवादी संगठन के हथियार एवं विस्फोटक डंप, सुरक्षित ठिकानों, स्थानीय सहयोगियों, संपर्क सूत्रों और कोल्हान में संगठन की गतिविधियों से जुड़ी जानकारी हासिल करने पर रहेगा। इसके अलावा पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम में दर्ज पुराने नक्सली मामलों में असीम मंडल की कथित भूमिका को लेकर भी पूछताछ की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, लंबे समय तक माओवादी संगठन के शीर्ष स्तर पर सक्रिय रहे असीम मंडल से पूछताछ के बाद कोल्हान में माओवादी नेटवर्क से जुड़े कई तथ्यों की जानकारी मिल सकती है। झारखंड पुलिस पश्चिम बंगाल में संबंधित कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी कर रही है।

# नाबालिग की दुष्कर्म और हत्या मामले में दो गिरफ्तार

संवाददाता

**चतरा।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र के बेसरा गांव में नाबालिग की हत्या और दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी मुख्यालय सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि 15 सितंबर को झाड़ियों में नाबालिग का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक साक्ष्य संकलित किए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि छापेमारी के बाद कमलेश भारती (22) और मनोज कुमार (19) को गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार 14 सितंबर को तीज के अवसर पर गांव में डीजे कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान दोनों आरोपितों ने नाबालिग को कथित रूप से झाड़ियों की ओर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी। मामले में कुंदा थाना में 16 सितंबर 2026 को बीएनएस की धारा 70, 64, 103(1), 3(5) और पोक्सो एक्ट की धारा 4/6 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर पीड़िता की लाल रंग की टॉर्च, हेयर पिन, घटना के समय आरोपितों की ओर से पहने गए कपड़े और कमलेश भारती का लावा कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त किया है।

# झारसुगुड़ा स्टेशन पर बढ़ेंगी रेल लाइनें और प्लेटफॉर्म

संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला में दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने गुरुवार को झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन, यार्ड और झारसुगुड़ा-साडेर्गा रेलखंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं, रेल परिचालन, संरक्षा व्यवस्था और प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। मौके पर महाप्रबंधक ने अधिकारियों के साथ स्टेशन के विस्तार से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए निर्धारित समय के अनुसार कार्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। झारसुगुड़ा स्टेशन के निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त रेल



लाइनों के विकास और प्लेटफॉर्म की संख्या बढ़ाने की योजना की समीक्षा की गई। स्टेशन पर वर्तमान में पांच प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें बढ़ाकर 10 करने की दिशा में प्रस्तावित और चल रहे कार्यों पर अधिकारियों ने महाप्रबंधक को जानकारी दी। उन्होंने स्टेशन और यार्ड की परिचालन व्यवस्था का जायजा लेते हुए रेल यातायात के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। रेलवे यार्ड में महाप्रबंधक ने सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं और आवश्यक सुरक्षा जांचों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को रेल परिचालन के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने झारसुगुड़ा-साडेर्गा सेक्शन का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया और रेलखंड की परिचालन व्यवस्था का जायजा लिया।दौरे के दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बीएनआर स्कूल, झारसुगुड़ा के विद्यार्थियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। महाप्रबंधक ने विद्यार्थियों को कचरे के उचित पृथक्करण, संग्रहण और वैज्ञानिक प्रबंधन के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने पावर हाउस में विद्युत उत्पादन के लिए आवश्यक कोयले की आपूर्ति को लेकर एमसीएल के अधिकारियों के साथ भी चर्चा की। उन्होंने कोयला लोडिंग क्षमता बढ़ाने, आपूर्ति व्यवस्था को प्रभावी बनाने और बिजली उत्पादन की जरूरतों के अनुरूप कोयले की निर्बाध और समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने से जुड़े पहलुओं पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया।

# हत्या की साजिश के आरोप में पांच युवक हथियार के साथ गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम ।** जुगसलाई थाना क्षेत्र में पुलिस ने कथित तौर पर हत्या की योजना बना रहे पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मिल्लत नगर स्थित गोलघर स्कूल के पास छापेमारी कर सभी को हथियार के साथ पकड़ा। गिरफ्तार युवकों में सैफ अली उर्फ राज बच्चा, मो रेहान गद्दी उर्फ जिया, मो शहनवाज उर्फ बिगाड़ू, मो शहजादा आलम उर्फ साहिल और मो नसीम अंसारी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपित सैफ अली के पास से एक देशी पिस्टल, मैगजीन में लोड 7.65 एमएम के दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। घटनास्थल से इसी बोर का एक खोखा भी मिला है।

गुरुवार को सिटी एसपी ललित मीणा ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि जुगसलाई पुलिस को सूचना मिली थी कि आर्म्स एक्ट और फायरिंग



के मामलों में पूर्व से आरोपित सैफ अली उर्फ राज बच्चा अपने साथियों के साथ हथियार लेकर गोलघर स्कूल के पास जमा है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन और डीएसपी विधि-व्यवस्था सुमित कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने मौके पर घेराबंदी कर पांचों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस का दावा है कि पूछताछ और जांच के दौरान आरोपितों ने सब्बु टाल वाला के बेटों को निशाना बनाने की कथित योजना की जानकारी सामने आई है। पुलिस के अनुसार, इससे पहले 09 अगस्त को सैय्यद रिजवान करीम ने जुगसलाई थाना में आवेदन देकर सैफ अली से खुद और अपने परिवार को खतरा होने की आशंका जताई थी। पुलिस का कहना है कि 26 अगस्त को ईद मिलाद-उन-नबी के दिन भी सैफ अली अपने सहयोगियों के साथ घर की छत पर किसी परिवार को नुकसान पहुंचाने की योजना बना रहा था। जांच में हथियार के साथ वीडियो बनाए जाने और शहजादा आलम के छत से एक राउंड फायरिंग करने की बात भी सामने आई है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, सैफ अली उर्फ राज बच्चा के खिलाफ जुगसलाई, परसुडीह, कदमा और बागबेड़ा थाना में कुल 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास, मारपीट, रंगदारी, लूट, आगजनी और आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले शामिल हैं। पुलिस के अनुसार शहनवाज और शहजादा आलम के खिलाफ भी अलग-अलग थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले में पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर कथित साजिश से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

# सीएसआर के तहत अरगडा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

संवाददाता

**रामगढ़।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अरगडा क्षेत्र की ओर से कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत स्थानीय समुदाय के लिए विकासात्मक और जनोपयोगी परियोजनाओं की शुरूआत गुरुवार को की गई।

इस अवसर पर हेसलोंग में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल और मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने संयुक्त रूप से भवन की आधारशिला रखी।

वहीं, स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गिद्दी ह्यसीह्ल, गिद्दी ह्यएह्ल और महाप्रबंधक कार्यालय के समीप स्थित सामुदायिक पार्क में ओपन जिम का लोकार्पण किया गया।



मौके पर अधिकारियों ने कहा कि इन परियोजनाओं से ग्रामीणों को सामुदायिक गतिविधियों और स्वस्थ जीवनशैली के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

इस अवसर पर सीसीएल अरगड़ा क्षेत्र के महाप्रबंधक सत्यजीत कुमार, स्टाफ अधिकारी मानव संसाधन राजीव कुमार, स्टाफ अधिकारी असैनिक नासिर तौहीद सहित सीसीएल के कई अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# टाटानगर में 383.78 करोड़ से बनेगा वंदे भारत कोच मेंटेनेंस डिपो, रेलवे बोर्ड ने दी मंजूरी

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटानगर रेलवे स्टेशन को वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव की आधुनिक सुविधा से जोड़ने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। रेलवे बोर्ड ने टाटानगर में वंदे भारत कोच मेंटेनेंस डिपो के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड की ओर से गुरुवार को सांसद विद्युत वरण महतो को आधिकारिक स्वीकृति पत्र भेजा गया। डिपो के निर्माण पर 383.78 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। रेलवे बोर्ड के डायरेक्टर प्रोजेक्ट एंड डेवलपमेंट सुमित कुमार के हस्ताक्षर से जारी स्वीकृति पत्र में टाटानगर में आधुनिक वंदे भारत कोच मेंटेनेंस डिपो स्थापित किए जाने की जानकारी दी गई है। इस परियोजना को टाटानगर और चक्रधरपुर रेल मंडल के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डिपो बनने के बाद वंदे भारत ट्रेनों के कोचों के रखरखाव और अन्य तकनीकी कार्यों के लिए जरूरी आधारभूत संरचना टाटानगर में उपलब्ध हो सकेगी। सांसद विद्युत बरण महतो ने इस परियोजना की स्वीकृति के लिए लंबे समय से रेलवे बोर्ड और रेल मंत्रालय के स्तर पर प्रयास किए थे। उन्होंने बताया कि हाल में संसद सत्र के दौरान भी उन्होंने रेलवे बोर्ड के निदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारियों और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से चार बार मुलाकात कर टाटानगर में वंदे भारत कोच डिपो की आवश्यकता और इससे होने वाले लाभों को रखा था। स्वीकृति मिलने के बाद सांसद ने गुरुवार को कहा कि टाटानगर में कोच डिपो के निर्माण से रेलवे क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और चक्रधरपुर रेल मंडल के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी।

# सड़क हादसे में बिहार के श्रद्धांलु सहित तीन की मौत, कई घायल

संवाददाता

**दुमका।** जिला के तालझारी थाना क्षेत्र के देवघर बासुकीनाथ मुख्य मार्ग एनएच 114 ए पर नारगंजो गांव के समीप ऑटो और पिकअप वाहन की आमने सामने की टक्कर में तीन श्रद्धांलुओं की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में कई अन्य लोग घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार ऑटो में सवार श्रद्धालु देवघर स्थित बाबाधाम में पूजा अर्चना के बाद बासुकीनाथ धाम दर्शन पूजन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान नारगंजो के समीप तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सामने से ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखचे उड़ गए। हादसे में बिहार के भागलपुर जिला के



घोंघा थाना क्षेत्र निवासी नाटू महलदार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

वहीं गंभीर रूप से घायल दो लोगों की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हो गई। एक मृतक की पहचान रमाशंकर पंडा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही तालझारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतकों के शव को आवश्यक कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त ऑटो और पिकअप वाहन को जब्त कर लिया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। हादसे में घायल लोगों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान दो की मौत हो गई है। देवघर में पूजा अर्चना के बाद बासुकीनाथ धाम की ओर बढ़ रहे श्रद्धालुओं का सफर अचानक हादसे के शिकार हो गये। एक ही घटना में तीन लोगों की मौत से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। तालझारी थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है। पुलिस घटना के कारणों, वाहनों की गति और दुर्घटना की परिस्थितियों की जांच कर रही है। मृतकों के शवों के पोस्टमार्टम के भेज पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** एमजीएम थाना क्षेत्र के सिमुलडांगा में गुरुवार शाम सड़क हादसे में स्कूटी सवार 60 वर्षीय तुफैल अहमद की मौत हो गई। वह मानगो के शंकोसाई स्थित हयातनगर के रहने वाले थे। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। बताया गया कि तुफैल अहमद सिमुलडांगा स्थित अपने गैराज से स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सिमुलडांगा स्थित एक शोरूम के सामने अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तुफैल अहमद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही एमजीएम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया। हादसे की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है। फिलहाल टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चल सका है।परिजनों के अनुसार तुफैल अहमद के परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटा रही है, ताकि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार वाहन का पता लगाया जा सके।

### बिराजपुर में एनआई कार्य के चलते 22 तक कई ट्रेनों का परिचालन होगा प्रभावित

**पूर्वी सिंहभूम ।** टाटानगर से रेल यात्रियों के लिए सितंबर के तीसरे सप्ताह में सफर प्रभावित होने वाला है। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के बिराराजपुर स्टेशन पर निजी साइडिंग की कमीशनिंग को लेकर नॉन-इंटरलॉकिंग (एनआई) कार्य किया जाएगा। इसके लिए 20 और 21 सितंबर को प्री-एनआई और 22 सितंबर को एनआई कार्य होगा। कार्य के दौरान टाटानगर से जुड़ी कई मेमू और एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों का परिचालन आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। रेलवे की ओर से गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार बिराराजपुर स्टेशन पर मेसर्स एमएलपीएल की निजी साइडिंग को गुड्स ट्रेन एक्सेलेरेशन एंड कैपेसिटी एन्हांसमेंट टर्मिनल (जीसीटी) के तहत कमीशन किया जाना है। 22 सितंबर को चार घंटे का एसएंडटी डिस्कनेक्शन और दो घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इसके चलते टाटानगर से चलने वाली 68085 टाटा-बड़काकाना मेमू 19 से 22 सितंबर तक और 68086 बड़काकाना-टाटा मेमू 20 से 23 सितंबर तक रद्द रहेगी। इसी तरह 68055/68056 आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल मेमू तथा 68013/68014 खड़गपुर-टाटानगर-खड़गपुर मेमू का परिचालन 20 से 22 सितंबर तक रद्द रहेगा। टाटानगर से हटिया और वापस चलने वाली 18601/18602 टाटा-हटिया-टाटा एक्सप्रेस भी 20 से 22 सितंबर तक प्रभावित रहेगी। वहीं 18113/18114 टाटा-बिलासपुर-टाटा एक्सप्रेस का परिचालन 22 सितंबर को रद्द रहेगा। वहीं टाटानगर से जुड़ी 18019/18020 जामदा-कटिहार-जामदा एक्सप्रेस का परिचालन भी 19 से 21 सितंबर तक प्रभावित रहेगा। इसके अलावा 68023/68024 जामदा-पुरुलिया-जामदा मेमू 20 से 22 सितंबर तक रद्द रहेगी। 68036 हटिया-आदित्यपुर मेमू 21 सितंबर और 68035 आदित्यपुर-हटिया मेमू 22 सितंबर को रद्द रहेगी। एनआई कार्य का असर आदित्यपुर जाने वाली ट्रेनों पर भी पड़ेगा। 13301/13302 धनबाद-आदित्यपुर-धनबाद एक्सप्रेस को 20 से 22 सितंबर तक आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। इस अवधि में आद्रा-आदित्यपुर-आद्रा के बीच ट्रेन सेवा रद्द रहेगी। वहीं 13512/13511 आसनसोल-आदित्यपुर-आसनसोल एक्सप्रेस 20 और 22 सितंबर को पुरुलिया तक ही चलेगी और पुरुलिया से ही वापस रवाना होगी। इस दौरान पुरुलिया-आदित्यपुर-पुरुलिया के बीच सेवा रद्द रहेगी।

### रिटायर बड़ा बाबू के घर में डेढ़ लाख की चोरी

**पलामू।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात नहीं रुक रही है। लगातार घटनाएं हो रही हैं। इसी क्रम में रेडमा में काली मंदिर के नीचे गली में तरहसी प्रखंड से रिटायर बड़ा बाबू मनमोहन प्रसाद के मकान की खिड़की का ग्रिल उखाड़कर डेढ़ लाख की संपति की चोरी कर ली गई। 50 हजार नगद के अलावा एक सोने की चेन, चार अंगूठी गायब हुई है।मनमोहन प्रसाद ने नगद राशि अपने 95 वर्षीय पिता के इलाज के लिए जमा कर रखी थी। घटना के समय घर में मनमोहन प्रसाद के पिता और पत्नी थे। घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। मनमोहन प्रसाद के अनुसार कुछ दिन पहले बेटे से मिलने के लिए दिल्ली आए हुए हैं। गुरुवार को सुबह 7 बजे पत्नी ने जानकारी दी कि एक कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर खिड़की का ग्रिल उखाड़ कर अलमीरा से उनकी शादी में मिले सोने की चेन, चार अंगूठी के अलावा 50 हजार नगद गायब कर दी गई है। मनमोहन प्रसाद ने बताया कि उनके घर के पीछे गली है। उसी गली से चोर अंदर घुसा और खिड़की का ग्रिल उखाड़ कर घटना को अंजाम दिया। इस घटना में नगद राशि सहित डेढ़ लाख की संपत्ति गायब हुई है।

### महिला की हत्या, पुलिस ने एक युवक को लिया हिरासत में

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के चक्रधरपुर में गुरुवार दोपहर एक महिला की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। तंबाकू पट्टी शीतला मंदिर रोड स्थित एक मकान की दूसरी मंजिल के कमरे से महिला का शव बरामद किया गया। मृतका की पहचान अनीता मिंज के रूप में हुई है। वह करीब 15 दिन पहले मकान में किराए पर रहने आई थी और अकेली रहती थी। बताया जा रहा है कि वह सोनुआ प्रखंड में सरकारी कर्मचारी के रूप में कार्यरत थी।

मकान मालिक संजय साहू के अनुसार, गुरुवार दोपहर वह अपने घर में खाना खा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उन्हें जानकारी दी कि एक व्यक्ति अनीता के कमरे में गया है। सूचना मिलने पर वह अन्य लोगों के साथ तत्काल दूसरी मंजिल पर पहुंचे। कमरे के अंदर खुन से सनी अनीता मृत अवस्था में मिली, जबकि वहां मौजूद एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अनिल मिंज बताया। पूछताछ के दौरान उसने कहा कि वह अनीता से मिलने आया था और दोनों दोस्त थे। उसने हत्या में अपनी संलिप्तता से इनकार किया। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों को उसके बयान पर संदेह हुआ। इसके बाद लोगों ने उसकी पिटाई कर उसे बांध दिया और घटना की सूचना चक्रधरपुर पुलिस को दी।सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और अनिल मिंज को हिरासत में लेकर थाना ले गई। चक्रधरपुर थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है। पुलिस हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग सहित अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और युवक से पूछताछ के आधार पर मामले की तहकीकात कर रही है।



बॉलीवुड में भेदभाव

# फातिमा ने झेला 'सेक्सिज्म' का दर्द

फातिमा सना शेख ने अपनी अपकमिंग कोर्टरूम ड्रामा 'हुंकार-द रोर' में एक पुलिस अफसर का रोल निभा रही हैं. शो को करण डी. कपाड़िया और नित्या मेहरा ने निर्देशित किया है, जो 25 सितंबर से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने लगेगी. उन्होंने इसके ट्रेलर लॉन्च पर हिंदी सिनेमा पर छाई पुरुषवादी सोच पर बात की. हालांकि, वे पहले भी 'सेक्सिज्म' पर बात कर चुकी हैं. उन्होंने एक दफा कहा था कि उन्हें ऐसे लोग मिले हैं, जो कहते थे कि काम शारीरिक संबंध बनाकर ही मिल सकता है.

फातिमा सना शेख जल्द ही शो 'हुंकार-द रोर' में नजर आएंगी. उन्होंने सीरीज के ट्रेलर लॉन्च पर फिल्म इंडस्ट्री में फैले भेदभाव पर खुलकर अपने जज्बात बयां किए. एक्ट्रेस ने बताया कि सिनेमा में पुरुषवादी सोच गहराई तक बैठी हुई है. उन्होंने अब खुलकर सेक्सिज्म पर अपने जज्बात बयां किए फातिमा सना शेख ने कहा कि महिलाओं को अक्सर अपनी बात रखने के लिए समाज की सोच से लड़ना पड़ता है. एक्ट्रेस ने कहा कि पितृसत्ता के लिए सिर्फ पुरुषों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि महिलाएं भी उस सिस्टम का हिस्सा हैं जो समाज में गहराई से बसा हुआ है. फातिमा सना शेख कहती हैं, 'पितृसत्ता सिर्फ पुरुषों की गलती नहीं है. इसमें महिलाएं भी शामिल हैं. वे भी इसका हिस्सा हैं. यह सोच मन में बैठ जाती है. हम सब एक ही तरह की सोच के माहौल में पैदा होते हैं. हमें इससे लड़ना होगा.'

फातिमा सना शेख मानती हैं कि पुरुषवादी सोच गहराई तक लोगों की सोच में बसी हुई है. एक्ट्रेस ने फिर फिल्म इंडस्ट्री का उदाहरण दिया और उन मीटिंग्स को याद किया जहां उन्हें एक वुमन-सेंट्रिक कहानी सुनाई गई थी, जिसमें एक महिला अपनी आवाज खोजने की कोशिश कर रही थी फातिमा सना शेख ने कहा, 'मैं भी ऐसी मीटिंग्स में गई हूं, जहां प्रोड्यूसर आपको बताते हैं कि यह आपके लिए एक जबरदस्त फिल्म है. फिर, रोल एक ऐसी महिला का होता है जो अपनी आवाज खोजने की कोशिश कर रही है.

# डॉसन और बेंटन के दम पर इंग्लैंड ने दूसरे टी20 में श्रीलंका को छह विकेट से हराया

एजेंसी



**कार्डिफ :** लियाम डॉसन और टॉम बेंटन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में गुरुवार देर रात श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने आक्रामक शुरूआत की। पाथुम निसांका ने जोफ्रा आर्चर के पहले ही ओवर में तीन चौके जड़ दिए, जबकि लाहिरू उदारा ने भी बाद में तेजी पकड़ी। श्रीलंका ने पांचवें ओवर के आधे पड़ाव तक 50 रन पूरे कर लिए। इंग्लैंड के कप्तान ने पावरप्ले के अंतिम ओवर में लियाम डॉसन को गेंद सौंपी और बाएं हाथ के स्पिनर ने लगातार दो गेंदों पर विकेट लेकर श्रीलंका की रफ्तार पर अंकुश लगा दिया। निसांका 37 रन बनाकर जेमी ओवरटन का शिकार बने। ओवरटन ने इसके बाद कामिंदु मेंडिस को बोल्ड किया, जबकि डॉसन ने दासुन शनाका को आउट कर श्रीलंका की मुश्किलें बढ़ा दीं। कप्तान चरिथ असलंका और वानिंदु हसरंगा ने 44 रन की साझेदारी कर श्रीलंका की पारी को संभाला। डॉसन के अंतिम ओवर में 18 रन आए, जिससे श्रीलंका ने 170 के आसपास पहुंचने की उम्मीद जगाई। हालांकि अंतिम तीन ओवरों में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने शानदार वापसी की।

हैरी ब्रूक का आदिल राशिद को गेंद सौंपने का फैसला कारगर रहा और राशिद ने असलंका को आउट कर दिया। इसके बाद सॉनी बेकर ने 19वें ओवर में विकेट मेडन डालते हुए हसरंगा को पवेलियन भेजा। अंतिम ओवर में आर्चर ने दो विकेट झटके और श्रीलंका ने सात रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए। पूरी टीम 20 ओवर में 145 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे इंग्लैंड ने भी तेज शुरूआत की। एनेयूरिन डोनाल्ड ने दुश्मंथा चमीरा के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी की, जबकि जोस बटलर ने दिलशान मदुशंका के एक ओवर में चार चौके जड़े। इसी दौरान बटलर टी20 क्रिकेट में 15 हजार रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बने।

डोनाल्ड और बटलर पावरप्ले में ही आउट हो गए, लेकिन इंग्लैंड की रन गति पर कोई असर नहीं पड़ा। हैरी ब्रूक ने हसरंगा के एक ओवर में तीन छक्के जड़े। ब्रूक चौथा छक्का लगाने की कोशिश में डीप स्क्वायर लेग पर शानदार कैच का शिकार हुए।

इसके बाद टॉम बेंटन ने मोर्चा संभाला और लगातार आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। श्रीलंका के स्पिनरों ने कई बार गेंद छोटी रखी, जिसका बेंटन और इंग्लैंड ने पूरा फायदा उठाया। इंग्लैंड ने 10वें ओवर की समाप्ति पर 120 रन पूरे कर लिए। बेंटन ने ईशान मलिंगा के ओवर में लगातार दो छक्के भी लगाए। जॉर्डन कॉक्स जब आउट हुए, तब इंग्लैंड को जीत के लिए केवल 10 रन चाहिए थे। बेंटन ने 24 गेंदों में अपना सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक पूरा किया और इंग्लैंड ने 12.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। हसरंगा ने फ्री हिट पर मिडऑफ की ओर जा रही गेंद का पीछा करते हुए कैच भी छोड़ दिया, जो श्रीलंका के लिए निराशाजनक रात का एक और उदाहरण रहा।

संक्षिप्त स्कोरः

**श्रीलंकाः** 145/9, 20 ओवर (पाथुम निसांका 37, चरिथ असलंका 31; लियाम डॉसन 3/32, जेमी ओवरटन 2/23)

**इंग्लैंडः** 146/4, 12.1 ओवर (टॉम बेंटन 52*, जोस बटलर 30, हैरी ब्रूक 23; दुश्मंथा चमीरा 1/29)

नतीजाः इंग्लैंड छह विकेट से विजयी।

# अक्षय खन्ना को रिप्लेस करने पर बोले जयदीप अहलावत

फिल्म 'दृश्यम' के तीसरे भाग 'दृश्यमः द कनक्लूजन' का ट्रेलर गोवा में एक खास इवेंट के दौरान लॉन्च किया गया। इस मौके पर फिल्म के मेकर्स, प्रोड्यूसर्स और पूरी स्टारकास्ट मौजूद रही। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अजय देवगन, तब्बू, श्रिया सरन और रजत कपूर ने शिरकत की। इनके अलावा फिल्म में नए किरदार के साथ जुड़े जयदीप अहलावत भी इस खास मौके पर मौजूद रहे। जयदीप फिल्म में एसपी क्राइम ब्रांच ऑफिसर राजवीर सिंह तोमर के किरदार में नजर आएंगे। वहीं प्रकाश राज भी फिल्म में वकील का किरदार निभाते दिखेंगे। हालांकि वे इस इवेंट में शामिल नहीं हुए। इस फिल्म को अभिषेक पाठक ने डायरेक्ट किया है। यह 2 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर लॉन्च के दौरान जयदीप अहलावत से फिल्म में अक्षय खन्ना को रिप्लेस करने को लेकर सवाल किया गया। जयदीप ने साफ किया कि वह अक्षय खन्ना की जगह नहीं आए हैं, बल्कि फिल्म में उनका किरदार बिल्कुल नया है। जयदीप ने कहा, 'जब मैंने कहानी सुनी थी, वो बिल्कुल ऐसा नहीं था कि मैं अक्षय की जगह हूं। वो किरदार खत्म हुआ है और हमारी जर्नी बिल्कुल नई है। मेरा एकदम नया इंट्रोडक्शन होगा और मीरा और उसकी फैमिली के साथ नया रिलेशनशिप होता है।'

## मुझ पर कोई प्रेशर नहीं: जयदीप



अक्षय खन्ना के साथ तुलना को लेकर जयदीप ने कहा कि उन्हें इसे लेकर किसी तरह का दबाव महसूस नहीं हुआ। उन्होंने कहा, 'कोई प्रेशर नहीं था अक्षय के कम्पैरिजन में।

# कनिका और मैं एक-दूसरे को समझते हैं

**गांधारी** की लेखिका-निर्माता कनिका ढिल्लों संग तापसी मनमर्जियां, हसीन दिलरुबा, रश्मि रॉकेट, फिर आई हसीन दिलरुबा जैसी फिल्मों में भी साझेदारी कर चुकी हैं। इस बॉन्डिंग पर वह बताती हैं, 'कनिका ने मनमर्जियां की कहानी मुझे सीन के बीच में गाना तक सुनाकर पूरे डिटेल में नरेट की थी। जबकि, गांधारी में सिर्फ चार लाइन में स्टोरी बताई कि ये कहानी है। अगर तू कर रही है तो मैं आगे लिखती हूं, तो हमारी आपसी समझ और एक दूसरे पर इतना भरोसा बन गया है कि कनिका को पता है कि मैं क्या करना चाहूंगी और क्या नहीं करूंगी। वहीं, मुझे भी ये पता है कि अगर इसने मुझे दो लाइन भी सुना दी हैं ना, तो उसके बाद ये लिख लेगी। वहीं, निर्माता के तौर पर वह फिल्म को बेस्ट तरीके से बनाएगी। मुझे कोई लड़ाई नहीं लड़नी पड़ेगी। वो कनिका लड़ लेगी तो मैं काफी रिलैक्स होती हूं।'



**सिंगर सुनिधि चौहान ने अपनी आवाज से बॉलीवुड के गानों को तो कई यादगार पल दिए हैं, लेकिन इस बार उनकी अपनी जिंदगी में एक ऐसा पल आया, जिसे वह शायद लंबे समय तक नहीं भूल पाएंगी। सुनिधि पहली बार कश्मीर पहुंचीं और घाटी की खूबसूरती देखकर पूरी तरह मंत्रमुग्ध हो गईं। जिस कश्मीर को उन्होंने अब तक फिल्मों और पर्दे पर देखा था, उसे जब उन्होंने अपनी आंखों के सामने देखा तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।**

**कश्मीर जाकर सुनिधि चौहान ने पूरा किया बचपन का सपना, बोलीं-**

# ऐसा लगता है जैसे मैं जन्नत में हूं

**सुनिधि** ने बताया कि कश्मीर जाना उनका बचपन का सपना था, जो आखिरकार इतने सालों बाद पूरा हुआ। यहां पहुंचकर उन्होंने घाटी की खूबसूरती के साथ-साथ लोगों के प्यार, सुकून और खाने की भी जमकर तारीफ की। सुनिधि ने कहा, ''मैं आपको बता नहीं सकती कि मैं कितनी खुश हूं। कश्मीर आना मेरा बचपन का सपना था। पिछले कुछ सालों में मैंने बहुत सी जगहों की यात्रा की, लेकिन मुझे कभी कश्मीर आने का मौका नहीं मिला। आखिरकार इस बार मैं यहां हूं और मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं जन्नत में हूं।'' सुनिधि ने कश्मीर की प्राकृतिक खूबसूरती की तारीफ करते हुए कहा, ''यहां पहुंचकर मेरी आंखें खुली की खुली रह गईं। मुझे यकीन ही नहीं हो रहा था कि इतनी खूबसूरत जगह सच में मौजूद है। यहां के लोगों का प्यार और अपनापन मुझे काफी पसंद आया। जिन लोगों से मैं यहां मिलीं, उनके व्यवहार में बेशुमार प्यार था। उन्होंने यहां के खाने और शांत माहौल की भी जमकर तारीफ की।



उन्होंने कहा, ''कश्मीर में मुझे जो सुकून महसूस हुआ, वह मेरे लिए बिल्कुल अलग अनुभव था। मैं हैरान थी कि क्या सच में ऐसी कोई जगह है? यहां के लोग, यहां का खाना, यहां का सुकून... मेरा यहां से जाने का बिल्कुल मन नहीं कर रहा।'



फ्रेंच-इंडियन रोमांस

# 'स्टे' में नजर आएंगी पल्लवी शारदा

**अभिनेत्री** पल्लवी शारदा जल्द ही फ्रेंच-इंडियन रोमांस फिल्म 'स्टे' में नजर आएंगी। अभिनेत्री का कहना है कि सिनेमा दुनिया का एक ऐसा अजूबा है, जो कैमरा बंद होने के बाद भी एक्टर्स को क्रिएशन के भंवर में खींच लेता है। पल्लवी ने इंस्टाग्राम पर पब्लिकेशन की तरफ से गई अनाउमेंट को शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस फिल्म में सायली नाम की एक तलाकशुदा महिला के किरदार में नजर आएंगी, जो भारत में रहती है और जिसे अपने पिता की सफल कंपनी को संभालने के लिए तैयार किया गया है। पेरिस की एक ट्रिप के दौरान उसे लियो से प्यार हो जाता है, जो एक डिलीवरी ड्राइवर है और एक्टर बनने का सपना देखता है। उनके रिश्ते की परीक्षा परिवार के दबाब, क्लास के फर्क और फ्रांस-भारत में उनकी जिंदगियों को अलग करने वाली आर्थिक और सांस्कृतिक हकीकतों से होती है। अभिनेत्री फिल्ममेकर गेरा के साथ अपने लेटेस्ट प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए लिखा, 'आप फिल्म बनाते और बेचते हैं। यही तरीका है, लेकिन किसी भी फिल्म के मूल में एक आइडिया, एहसास, वाइब्रेशन होता है। हम बस उसे जिंदा करने में मदद करते हैं। इस फिल्म से पहले जब भी मुझे रोहेना के साथ जूम पर बात करने का मौका मिला, तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ कि हमने एक महिला के तौर पर अपने एहसासों और हमारे आसपास की कहानियों पर गहराई से बात की, जो अलग-अलग देशों और संस्कृतियों में काम कर रही हैं।' उन्होंने लिखा, 'लगातार दो संस्कृतियों के बीच झूलने की अजीबोगरीब स्थिति को समझने की कोशिश की। फिल्में एक अजीब दुनिया हैं। ये आपको क्रिएशन के भंवर में खींच लेती हैं, जिसका एहसास कैमरा बंद होने के बाद भी उतना ही रहता है। सेट के बीच के ठहराव में कभी-कभी खालीपन, बेचैनी महसूस होती है लेकिन साथ ही सब कुछ जुड़ता भी है। एक एक्टर के लिए हर फिल्म का अनुभव आपको अपने अंदर इतना गहरा ले जाता है कि उसे समझने के लिए बीच में ठहराव की जरूरत होती है। मैं अभी भी इस फिल्म को समझ रही हूं।'

# शतरंज ओलंपियाडः भारत ने इंडोनेशिया को 2.5-1.5 से हराया, महिला टीम ने फिनलैंड को दी मात

**3समरकंद :** शतरंज ओलंपियाड के दूसरे दौर में गुरुवार को भारत ने ओपन और महिला दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। ओपन वर्ग में भारत को इंडोनेशिया के खिलाफ 2.5-1.5 की जीत के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, जबकि महिला टीम ने फिनलैंड को 3.5-0.5 से हराकर आसान जीत दर्ज की। पहले दौर में आराम दिए जाने के बाद वापसी कर रहे आर. प्रज्ञानानंद ने शीर्ष बोर्ड पर काले मोहरों से इंडोनेशिया के सुशांतो मेगारांतो के खिलाफ लंबा मुकाबला खेला। खेल एंडगेम तक पहुंचा और 79 चालों के बाद दोनों खिलाड़ियों ने ड्रॉ पर सहमति जताई।

निहाल सरीन ने भारत को पहली सफलता दिलाई। सफेद मोहरों से आईएम आरिफ अब्दुल हाफिज के खिलाफ खेलते हुए निहाल ने धीरे-धीरे दबाव बढ़ाया और अंतिम चरण में सामरिक बढ़त हासिल कर ली। हाफिज ने 37.एनसी5+ के बाद बाजी छोड़ दी। यह ओलंपियाड में निहाल की लगातार दूसरी जीत रही। डी. गुकेश को काले मोहरों से आईएम सात्रिया दुटा चहाया के खिलाफ जीत का रास्ता नहीं मिला। स्थिति सरल होने के बाद गुकेश ने लगातार क्वीन चेक के जरिए मुकाबला बराबर रखा और 51.क्यूडी1+ के बाद ड्रॉ हुआ। विदित गुजराती और आईएम नायका बुधिधर्मा के बीच मुकाबला भी बराबरी पर समाप्त हुआ। सफेद मोहरों से खेल रहे विदित ने संतुलित स्थिति हासिल की और 34.एच3 के बाद दोनों खिलाड़ियों ने अंक बांट लिए। इस तरह एक जीत और तीन ड्रॉ के साथ भारत ने मुकाबला 2.5-1.5 से अपने नाम किया। भारत ने पहले दौर में थाईलैंड को 3-1 से हराया था। उस मुकाबले में शीर्ष बोर्ड पर अर्जुन एरिगैसी को चौंकाने वाली हार मिली थी, लेकिन टीम ने जीत दर्ज की थी। महिला वर्ग में भारत ने फिनलैंड के खिलाफ 3.5-0.5 से शानदार जीत दर्ज की। कोनेरू हम्पी को इस दौर में आराम दिए जाने के कारण वैशाली रमेशबाबू ने शीर्ष बोर्ड पर मोर्चा संभाला। उन्हें अनास्तासिया केइनानेन ने कड़ी चुनौती दी और 88 चालों के बाद मुकाबला ड्रॉ रहा। बाकी तीनों बोर्ड भारत के पक्ष में रहे। दिव्या देशमुख ने जोहाना पासिकांगस-तेल्ला को 38 चालों में हराया। वंतिका अग्रवाल ने सबसे तेज जीत दर्ज करते हुए सारा-ओलिविया सिप्पोला को केवल 22 चालों में मात दी। साविता श्री बी ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए हेल्जा लेहटिनेन को 31 चालों में हराया और भारत की महिला टीम को 3.5-0.5 की जीत दिलाई। सिंदारोव ने पेरू के खिलाड़ी को 32 चालों में हराया अन्य मुकाबले में जवोखिर सिंदारोव ने पेरू के डिएगो साउल रोड्री फ्लोरेस कियास के खिलाफ काले मोहरों से 32 चालों में जीत दर्ज की। टीम में वापसी कर रहे सिंदारोव ने धीरे-धीरे स्थिति पर नियंत्रण बनाया और फिर पेरू के राजा के खिलाफ हमला तेज कर दिया। फ्लोरेस कियास लगातार रक्षात्मक स्थिति में चले गए और अंततः दबाव से निकलने का कोई रास्ता नहीं मिलने पर मुकाबला छोड़ दिया।

# ईरान के साथ हम अच्छी डील करेंगे या कोई समझौता नहीं, ट्रंप का तेहरान को संदेश

एजेंसी

**वॉशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि ईरान समझौता तो करना चाहता है लेकिन उनकी निजी राय में तेहरान इसके लिए अभी पूरी तरह तैयार नहीं है।उन्होंने कहा कि वे अमेरिकी हितों वाली अच्छी डील करेंगे या कोई समझौता नहीं करेंगे।

मीडिया संस्थान ईरान इंटरनेशनल ने अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से गुरुवार को फॉक्स न्यूज को दिए गए साक्षात्कार का हवाला देते हुए बताया है कि अमेरिका के साथ ईरान डील करना चाहता है लेकिन वह इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं है। ट्रंप ने संकेत दिया कि कोई भी समझौता अमेरिकी उम्मीदों के मुताबिक ही होगा।



ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अगले सप्ताह न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान ट्रंप की खाड़ी सहयोग परिषद यानी जीसीसी के सदस्य देशों के नेताओं से मुलाकात की उम्मीद है। ट्रंप ने दावा किया कि बी-2 बॉम्बर इस्तेमाल से अमेरिकी हमलों ने ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा न होता तो तेहरान के पास अबतक परमाणु हथियार होता। उन्होंने ईरान को बहुत कमजोर स्थिति में बताते हुए दावा किया कि उसकी अर्थव्यवस्था सबसे खराब स्तर पर है। उन्होंने 300 प्रतिशत से ज्यादा महंगाई का जिक्र करते हुए कहा कि सैन्य और पुलिसकर्मियों को वेतन नहीं मिल रहा है। ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को नियंत्रित करने का दावा करते हुए कहा कि ₹मुझे लगता है कि आखिर में हमारी ही जीत होगी। मुझे नहीं पता कि यह किसी समझौते से होगा या नहीं लेकिन हम पहले से जीत रहे हैं।₹

अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों बरअक्स पेंटागन के एक पूर्व अधिकारी का दावा है कि ईरान के साथ युद्ध इसी साल नवंबर माह तक खत्म हो सकता है। ईरान इंटरनेशनल ने पेंटागन के एक पूर्व अधिकारी ब्रेंट सैडलर के बयान का उल्लेख करते हुए बताया है कि ईरान युद्ध नवंबर तक खत्म हो सकता है, क्योंकि तेहरान पर अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी और आर्थिक दबाव का असर हो रहा है। सैडलर ने कहा, ₹वित्तीय और मौद्रिक नजरिए से देखें तो आंकड़े निश्चित रूप से इसी नतीजे की ओर इशारा करते हैं।₹ उन्होंने कहा कि यह संघर्ष साल के अंत से पहले या नवंबर में होने वाले चुनाव के समय ही खत्म हो सकता है। सैडलर ने कहा कि उनके इस अनुमान के पीछे अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी और आर्थिक युद्ध के अन्य तरीके मुख्य कारण हैं।

## होटल में चल रहा था देह व्यापार का अड्डा, चार महिलाओं को पुलिस ने कराया मुक्त, मालिक फरार

एजेंसी

**नोएडा :** उत्तर प्रदेश के नोयडा में थाना बिसरख पुलिस ने बीती रात को जीडीए कॉलोनी में बने एक होटल में छापेमारी की। यहां पर अवैध रूप से वेश्यावृत्ति कराई जा रही थी। पुलिस ने चार महिलाओं को रेस्क्यू करके उनके घर वालों को सुपुर्द कर दिया । होटल का मालिक फरार बताया जा रहा है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने गौर सिटी के पास स्थित जीडीए कॉलोनी में बने बीएन होटल में छापेमारी की। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां पर अवैध रूप से देह व्यापार कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब पुलिस होटल में पहुंची तो रिसेप्शन पर एक महिला मिली। उक्त महिला की उम्र 21 वर्ष है। उसके बाद एक कमरे में तीन महिलाएं बैठी मिली जिनकी उम्र क्रमशः 49 वर्ष , 24 वर्ष और 21 वर्ष है। इन महिलाओं से जब पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि होटल का मालिक रोहित कुमार रूप रामू उर्फ रवि निवासी ग्राम डूंडाहेड़ा विजयनगर उनसे उक्त होटल में जबरन देह व्यापार करवाता है। महिलाओं ने बताया कि रोहित ही नए-नए लोगों को बुलाता है तथा उनकी मसाज करने के लिए बुलाता है। और उनसे जबरदस्ती वेश्यावृत्ति के लिए कहता है। अगर वे लोग गलत काम करने के लिए मना करते हैं तो वह जान से मारने की धमकी देता है। महिलाओं के अनुसार उसने आज भी कई ग्राहक भेजे थे, जो अभी कुछ देर पूर्व चले गए। महिलाओं के अनुसार रोहित एक ग्राहक से देह व्यापार के लिए 2000 से 5000 रूपए लेता है, तथा उन्हें एक हजार से 1500 रूपए देता है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने महिलाओं के परिजनों को बुलाकर उन्हें उनके सुपुर्द कर दिया। होटल मालिक फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

देह व्यापार का अड्डा चलाने वाले होटल मालिक की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस कार्रवाई पर सवालिया निशान उठा रही है। लोगों में चर्चा है कि यह देह व्यापार चलाने वाला पुलिस को मोटी रकम देता था। छापेमारी आला अधिकारियों के निर्देश पर हुई। अपनी खाल बचाने के लिए स्थानी पुलिस वालों ने होटल के संचालक को धीरे से सूचना दे दी। और वह भागने में सफल रहा। बताया जाता है कि यह धंधा पुलिस की मिली भगत से चल रहा था। इससे पूर्व भी थाना बीटा- दो क्षेत्र में मसाज सेंटर पर हुई छापेमारी में वहां काम करने वाले कर्मचारी और ग्राहक तो पकड़े गए, लेकिन संचालक फरार हो गया। वह स्पा सेंटर के बाहर ही अपनी कार में बैठा था, लेकिन स्थानीय पुलिस की लापरवाही या मिली भगत कहें वह भागने में सफल रहा।

## मोदी जी सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं, हमारे सेवक और अभिभावक हैं : अग्निमित्रा

एजेंसी

**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार रात आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पश्चिम बंगाल की शहरी विकास मंत्री अग्निमित्रा पाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को देश के 140 करोड़ लोगों का नेता, सेवक और अभिभावक बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश सुरक्षित महसूस करता है। अग्निमित्रा पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल देश के प्रधानमंत्री नहीं हैं, बल्कि उनके लिए एक मानवीय नेता, गुरु और सेवक की तरह हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह माता-पिता अपने बच्चों की रक्षा करते हैं, उसी तरह प्रधानमंत्री मोदी देश के 140 करोड़ लोगों की सुरक्षा और हितों की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के साथ उनके पिछले करीब 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को भी याद करने का अवसर है, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में देश और जनता के लिए काम किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का जिक्र करते हुए कहा कि देश ही नहीं, दुनिया के विभिन्न देशों के नेताओं के बीच भी उनका प्रभाव है। उन्होंने कहा कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों और युवाओं तक प्रधानमंत्री की लोकप्रियता दिखाई देती है। अग्निमित्रा पाल ने यह भी दावा किया कि जो विपक्षी नेता कभी प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना और उन पर कटाक्ष करते थे, उनमें से कई आज भाजपा के साथ हैं। प्रधानमंत्री के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव का जिक्र करते हुए अग्निमित्रा पाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जब भाजपा विपक्ष में थी, उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार राज्य में आए और उन्होंने भी उनसे मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सामने आने पर वह कई बार कुछ बोल नहीं पातीं और भावुक हो जाती हैं। उन्होंने एक व्यक्तिगत प्रसंग साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जब भी उनसे मिलते थे तो उन्हें देखकर ह्यहाय चिल्ड्रेनह्न कहकर हंसते थे। अग्निमित्रा पाल के मुताबिक, प्रधानमंत्री जानते थे कि वह हमेशा सड़क पर उतरकर उस समय के राज्य के शासकों के खिलाफ संघर्ष करती थीं।



उन्होंने अपनी तबीयत खराब रहने के दौर का भी जिक्र किया। अग्निमित्रा पाल ने कहा कि पिछले वर्ष जब वह करीब तीन-चार महीने तक प्रधानमंत्री से नहीं मिल सकीं, तब भी प्रधानमंत्री को उनकी तबीयत की जानकारी थी। बाद में मुलाकात होने पर प्रधानमंत्री ने उनकी सेहत के बारे में पूछा और कहा कि वह अपना ख्याल रखें। अग्निमित्रा पाल ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के बीच प्रधानमंत्री का उनका नाम याद रखना, उनका हाल पूछना और उनके सोशल मीडिया अकाउंट को फॉलो करना उनके लिए बेहद बड़ी बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की ऐतिहासिक नेताओं से तुलना किए जाने के सवाल पर अग्निमित्रा पाल ने कहा कि वह मोदी की तुलना किसी दूसरे नेता से नहीं करना चाहतीं। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक और सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य जैसे महान नेताओं को लोग इतिहास के जरिए जानते हैं, लेकिन उनकी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को अपनी आंखों से देख रही है। उन्होंने कहा, ह्लमैं खुद को बहुत सौभाग्यशाली और धन्य मानती हूं कि हम ऐसे दौर में पैदा हुए हैं, जब हम नरेंद्र मोदी जी को काम करते हुए देख पा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पिछले प्रधानमंत्रियों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने से जुड़े सवाल पर अग्निमित्रा पाल ने कहा कि वह इसे रिकॉर्ड तोड़ने की प्रतियोगिता के रूप में नहीं देखतीं। उनके मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तित्व किसी रिकॉर्ड से कहीं ऊपर है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री या अमेरिका के राष्ट्रपति जैसे विश्व नेताओं से हाथ मिलाते हैं तो वह महज औपचारिक मुलाकात नहीं होती, बल्कि उसके पीछे भारत के साथ मजबूत संबंधों की भावना भी दिखाई देती है।

## विश्वकर्मा पूजा पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने दी शुभकामनाएं, श्रमिकों के योगदान को किया नमन

एजेंसी

**कोलकाता :** वास्तुकला, शिल्प और सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा के पावन अवसर पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने समाज और सभ्यता के निर्माण में तकनीकी एवं श्रमिक वर्ग के अथक योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया है।

सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे समाज की प्रगति के पीछे जिन हाथों का निरंतर योगदान है, उन सभी कारीगरों, वास्तुकारों, प्रौद्योगिकीविदों, मैकेनिकों और कारखानों के मेहनती श्रमिकों को वे अंतर्मन से प्रणाम करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन कामगारों का अथक परिश्रम, उनकी मेधा और कौशल ही देश व समाज के विकास की मुख्य चालिकाशक्ति है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा से राज्यवासियों की सुख, समृद्धि और सफलता की कामना की। उन्होंने अपनी प्रार्थना में लिखा कि श्रमिकों का हर कार्यक्षेत्र सुरक्षित हो और पश्चिम बंगाल के घर-घर में आत्मनिर्भरता का प्रकाश फैले।



## सराफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में लगातार पांचवें दिन बदलाव नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में सोना आज 570 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 620 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। वहीं, चांदी के भाव में आज लगातार पांचवें दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। ये चमकीली धातु आज भी शुरूआती कारोबार के दौरान सोमवार के स्तर पर ही कारोबार कर रही है।

कीमत में हुए इस बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,52,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,40,090 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज भी 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।




दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,52,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,52,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,40,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,40,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,52,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,40,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,40,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोना शुरूआती कारोबार के दौरान गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजार में 22 कैरेट सोना 1,40,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### पश्चिम बंगाल में आज कई जिलों में बारिश के आसार

कोलकाता, 18 सितंबर (हि. स.)। पश्चिम बंगाल के दक्षिणी हिस्सों में शुक्रवार को कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है, जबकि उत्तर बंगाल के उप-हिमालयी जिलों में भारी बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 18 सितंबर को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में भारी बारिश तथा गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल में गरज-चमक, बिजली और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। दक्षिण बंगाल में कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर एवं दक्षिण 24 परगना, पूर्व एवं पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, बांकुड़ा, पुरुलिया, बीरभूम, मुर्शिदाबाद, नदिया, पूर्व और पश्चिम बर्दवान समेत कई जिलों में बारिश और गरज-चमक की संभावना है। विशेषकर तटीय और दक्षिण-पश्चिमी जिलों में मौसम अधिक सक्रिय रह सकता है। स्थानीय मौसम पूवार्नुमान में पश्चिम मेदिनीपुर में 18 सितंबर को गरज के साथ बारिश और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवा चलने की संभावना जताई गई है। उत्तर बंगाल में दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरदुआर, कूचबिहार और उत्तर दिनाजपुर सहित उप-हिमालयी क्षेत्र में बारिश की गतिविधियां बनी रहेंगी। आईएमडी ने उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के लिए शुक्रवार को भारी बारिश की चेतावनी दी है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### भारत में एप्पल के स्टोर खुले, आईफोन 18 प्रो और प्रो मैक्स खरीदने के लिए लंबी कतारें

**नई दिल्ली :** देश में आईफोन 18 प्रो और प्रो मैक्स की बिक्री शुरू हो गई है। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु के एप्पल स्टोर्स के बाहर शुक्रवार को ग्राहकों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। वहीं, कई लोग अपने पसंदीदा आईफोन मॉडल को सबसे पहले खरीदने के लिए रात से ही लाइन में खड़े नजर आए। दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों में आईफोन 18 प्रो और प्रो मैक्स जैसे ही बिक्री के लिए उपलब्ध हुए आज सुबह साकेत के सेलेक्ट सिटीवॉक मॉल में एप्पल स्टोर पर ग्राहकों की भीड़ लग गई। इसी तरह उत्तर प्रदेश के नोएडा के डीएलएफ मॉल स्थित एप्पल स्टोर पर नए डिवाइस खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग आए हैं। वहीं, मुंबई में जियो वर्ल्ड ड्राइव स्थित स्टोर के बाहर भी भारी भीड़ जमा हुई, जबकि बेंगलुरु में नए लॉन्च हुए आईफोन 18 प्रो और आईफोन 18 प्रो मैक्स आईफोन को खरीदने के लिए ग्राहक एप्पल स्टोर के बाहर कतार में खड़े रहे। मुंबई में एक ग्राहक ने बताया कि वह रात 10 बजे से कतार में हैं और उन्हें सुबह 8 बजे का पहला स्लॉट मिला है। वहीं, बेंगलुरु के एक ग्राहक ने बताया कि आईफोन लॉन्च त्योहार जैसा है। इसी तरह दिल्ली के एक ग्राहक ने कहा, ₹मैं 18 प्रो मैक्स 1ळइ लेने के लिए आया हूं। मैंने इसे प्री-बुक कर लिया है, बस इंतजार कर रहा हूं। उल्लेखनीय है कि एप्पल के आईफोन 18 प्रो की शुरूआती कीमत 1,64,900 रुपये और आईफोन 18 प्रो मैक्स की शुरूआती कीमत 1,79,900 रुपये है। यह पहली बार है कि मेड इन इंडिया नए प्रो मॉडल पहले दिन से भारत के (चेन्नई यूनिट) में तैयार किए गए हैं और यहां से वैश्विक बाजारों में भेजे जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री साय आज इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर और विकसित छत्तीसगढ़ कॉन्क्लेव में होंगे शामिल

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को राजधानी रायपुर और रायगढ़ में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 11:15 बजे रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड पहुंचकर 14वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2026 में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 12:15 बजे साइंस कॉलेज से रवाना होकर पुलिस ग्राउंड हेलीपैड पहुंचेंगे और हेलीकॉप्टर से रायगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 1:55 बजे रायगढ़ जिले के ग्राम बनोरा स्थित अघोर आश्रम पहुंचेंगे। यहां दोपहर 2 बजे से 3:45 बजे तक नवीन स्कूल भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री शाम 5:20 बजे रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचेंगे। शाम 6:30 बजे वे एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित ह्यविकसित छत्तीसगढ़ कॉन्क्लेवह्न में भाग लेंगे। कार्यक्रम के बाद शाम 7:30 बजे सेक्टर-24 स्थित मुख्यमंत्री निवास के लिए रवाना होंगे तथा रात 8:40 बजे सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचेंगे।

### जन्मदिन की पार्टी के दौरान दोस्त की हत्या

**जम्मू :** जम्मू के रूप नगर में देर रात जन्म दिन की पार्टी पर दोस्तों के बीच हुई झड़प में एक कि मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वीरवार शुक्रवार की रात को जीएमसी जम्मू पुलिस चौकी ने जानीपुर थाने को सूचना दी कि पवन नायर उर्फ समीर नाम के एक व्यक्ति को उसके दोस्त जॉन सोट्रा, गौरव सिंह और सुगंध भट्टी घायल हालत में जीएमसी जम्मू लाए हैं जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही जानीपुर थाने की पुलिस टीम तुरंत जीएमसी जम्मू पहुँची और मामले की जाँच-पड़ताल की। शुरूआती जाँच से पता चला कि 17.09.2026 की रात को नीरज उर्फ अंशु लोअर रूप नगर के पास सड़क किनारे अपना जन्मदिन मना रहा था, जहाँ उसके दोस्त जॉन सोट्रा, गौरव सिंह, सुगंध भट्टी और पवन नायर उर्फ समीर मौजूद थे। नीरज के साथ उसका भाई रिशु भी था। केक काटते समय मृतक पवन नायर उर्फ समीर ने नीरज के चेहरे पर केक लगा दिया जिससे दोनों के बीच बहस हो गई। जब जॉन, गौरव और सुगंध ने उन्हें शांत करने की कोशिश की तो नीरज गुस्से में आ गया और उसने अपने पास रखी खोखरी (एक प्रकार का चाकू) निकालकर पवन नायर उर्फ समीर की गर्दन पर हमला कर दिया जिससे उसे गंभीर चोट आई। घायल को उसके दोस्त तुरंत जीएमसी जम्मू ले गए जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना का संज्ञान लेते हुए जानीपुर थाने में बीएन एस की धारा 103(1) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और जाँच शुरू कर दी गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों – नीरज उर्फ अंशु और उसके भाई रिशु को पकड़ लिया गया है और वे अभी जानीपुर थाने में पुलिस हिरासत में हैं। अपराध में इस्तेमाल हथियार 'खोखरी' को बरामद किया जा रहा है। आगे की जाँच जारी है।

### पेयजल से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर तालाब में पलटा, चालक लापता

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर थाना क्षेत्र के नेतड़ा कमालपुर इलाके में नेतड़ा-हटुगंज रोड पर शुक्रवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। पेयजल से भरा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक निजी कार को जोरदार टक्कर मारने के बाद पास के तालाब में जा पलटा। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, तड़के पेयजल से लदा ट्रक नेतड़ा-हटुगंज रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान अचानक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। ट्रक सड़क किनारे खड़ी निजी कार से जा टकराया और इसके बाद तालाब में पलट गया। दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक कहां है, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। चालक ट्रक के अंदर या पानी में फंसा है अथवा हादसे के बाद मौके से निकल गया, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। सूचना मिलने के बाद डायमंड हार्बर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और चालक की तलाश में तालाब के पानी तथा ट्रक के अंदर तलाशी अभियान शुरू किया। साथ ही तालाब में पलटे ट्रक को बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच भी शुरू कर दी है।

### ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आ रही गिरावट की वजह से ग्लोबल मार्केट में उत्साह का माहौल बना हुआ है। दुनिया के ज्यादातर शेयर बाजार से पॉजिटिव खबरें आ रही हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज मजबूती के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। कच्चे तेल की कीमत में आई कमजोरी से उत्साहित वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.61 प्रतिशत की बढ़त हासिल करने में सफल रहा। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 85.95 अंक यानी 1.14 प्रतिशत उछल कर 7,637.76 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 439.87 अंक यानी 1.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,418.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 115.25 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 51,893.29 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 127.67 अंक यानी 1.18 प्रतिशत उछल कर 10,816.14 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.57 प्रतिशत की छलांग लगा कर 8,186.93 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 178.96 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की उछाल के साथ 25,716.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के नौ बाजार में से सात के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि दो सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में नजर आ रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 23,330 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.39 प्रतिशत फिसल कर 6,437.11 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर, स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,645.75 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,585.97 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। कोस्पी इंडेक्स में आज जबरदस्त तेजी नजर आ रही है। फिलहाल यह सूचकांक 168.36 अंक यानी 2.51 प्रतिशत उछल कर 6,883.77 अंक के स्तर पर आ गया है। निक्केई इंडेक्स ने भी आज जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 1,034.75 अंक यानी 1.61 प्रतिशत की उछाल के साथ 65,171 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 644.35 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ 46,932.35 अंक के स्तर पर आ गया है। इसके अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,916.07 अंक के स्तर पर और हैंग सेंग इंडेक्स 156.71 अंक 0.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,761 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

न्यूज IN ब्रीफ

## गायत्री कुंज में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सुनकर श्रद्धालु हो रहें हैं भावविभोर



**चक्रधरपुरः** थाना रोड़ में अवस्थित गायत्री कुंज में पूज्य कथा वाचक हिमांशु जी महाराज के द्वारा किये जा रहे श्रीमद्भागवत कथा का आज छठा दिन है और सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का कल समापन होगा। 13 सितम्बर से प्रारंभ हुए सेवन बद्रर्स एवं समस्त भगेरिया परिवार के द्वारा आयोजित इस श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बनती है संध्या में कथा के पश्चात पूज्यनीय हिमांशु जी महाराज के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच व्यापक रूप से प्रसाद का वितरण किया जाता है। प्रति दिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक भक्तिमय रहने के साथ साथ पूजा मयी रहता है इस प्रकार से शहरवासी श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर रहे हैं और भगेरिया परिवार का यह श्रद्धा निष्ठा और आस्था का यह पुनीत कार्य काफी उत्कृष्ट है।

## 1600 किलो मीटर की यात्रा पर निकलेगा साहिबगंज भाजपा युवा मोर्चा



**साहिबगंज :** सेवा संकल्प एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण अभियान 2026 के तहत जल जन और सेवा संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत साहिबगंज भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र मंडल के नेतृत्व में मोटरसाइकिल यात्रा निकाली यात्रा मे अमित भारती वं जयकान्त मंडल भी शामिल है।यह यात्रा 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक वाराणसी से गुजरात के वडनगर तक आयोजित होगी।यात्रा के दौरान लगभग 1600 किलोमीटर की दूरी मोटरसाइकिल से तय की जाएगी।इस यात्रा का उद्देश्य सेवा,राष्ट्रभक्ति और जनसरोकार से जुड़े संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाना है।यात्रा के माध्यम से समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देने,युवाओं को राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने तथा लोगों के बीच एकता और समर्पण का संदेश देने का प्रयास किया जाएगा।वाराणसी से वडनगर तक तय होगा सफर जल,जन और सेवा संकल्प यात्रा की शुरूआत वाराणसी से की जाएगी।यात्रा में शामिल कार्यकर्ता मोटरसाइकिल के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए वडनगर पहुंचेंगे। लगभग 1600 किलोमीटर की इस यात्रा के दौरान अभियान के उद्देश्यों को लोगों तक पहुंचाने और सेवा कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर रहेगा।भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र मंडल के नेतृत्व में आयोजित होने वाली इस यात्रा को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है। अभियान के माध्यम से राष्ट्र के प्रति समर्पण और समाज सेवा के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा।भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र मंडल ने कहा,₹जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा केवल मोटरसाइकिल से दूरी तय करने का कार्यक्रम नहीं है,बल्कि यह राष्ट्र के प्रति समर्पण और समाज सेवा की भावना को मजबूत करने का संकल्प है।वाराणसी से वडनगर तक लगभग 1600 किलोमीटर की यात्रा के माध्यम से हम सेवा,जनजागरूकता और राष्ट्रहित का संदेश लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।युवाओं को समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना इस अभियान का महत्वपूर्ण उद्देश्य है।₹उन्होंने कहा कि सेवा और समर्पण की भावना के साथ आयोजित इस यात्रा में कार्यकताओं की सहभागिता महत्वपूर्ण होगी।अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचने और सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया जाएगा।

## भू-धंसान प्रभावित 25 स्कूलों की शिफ्टिंग की कवायद तेज

**धनबाद :** धनबाद, झरिया व बाघमारा के भू-धंसान व अग्नि प्रभावित क्षेत्रों की चपेट में आ चुके सरकारी समेत अन्य स्कूलों की शिफ्टिंग की कवायद तेज हो गई है। डीडीसी सन्नी राज की अध्यक्षता में बुधवार को जिला प्रशासन ने उच्चस्तरीय बैठक की। मौके पर बीसीसीएल, सेल समेत अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में 25 स्कूलों की शिफ्टिंग पर चर्चा हुई। इनमें धनबाद के 10, झरिया के सात, बाघमारा के आठ स्कूल शामिल हैं। सूची में कतरास क्षेत्र में पिछले दिनों भू-धंसान क्षेत्र की चपेट में आए नया प्राथमिक विद्यालय टंडाबाड़ी, उर्दू मध्य विद्यालय छाताबाद समेत अन्य स्कूल शामिल हैं। इससे संबंधित पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन भी दिखा गया। प्रजेंटेशन में दिखाया गया कि संबंधित स्कूलों के बच्चों को परेशानी हो रही है। बैठक में चर्चा व विमर्श के दौरान यह बात भी सामने आई कि बीसीसीएल की ओर से संबंधित स्कूलों की शिफ्टिंग के लिए आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाए। बीसीसीएल के अधिकारी व झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय के जेई संयुक्त रूप से भ्रमण कर एक बार फिर से स्थिति की जानकारी ली जाए। वहीं जिन स्कूलों में 10 से 20 बच्चे नामांकित हैं। उन्हें बगल के स्कूलों में शिफ्ट किया जाएगा। संभावना है कि जिला प्रशासन की ओर से आने वाले समय में इससे संबंधित दूसरी बैठक की जाए। इस बाबत डीएसई शालिनी डुंगडुंग ने कहा कि जिला प्रशासन की उच्चस्तरीय बैठक में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से 25 स्कूलों की स्थिति की जानकारी दी गई। बीसीसीएल चिह्नित स्कूलों के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए। स्कूल शिफ्टिंग के लिए सुविधाएं जरूरी हैं, ताकि बच्चों को कोई परेशानी न हो। मौके पर अपर समाहर्ता प्रदीप शुक्ला, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय झा, भू-धंसान प्रभावित संबंधित महाप्रबंधक बीसीसीएल, मुख्य महाप्रबंधक सेल टासरा प्रोजेक्ट, भू-धंसान प्रभावित क्षेत्र के बीईईओ, बीपीओ, कनीय अभियंता समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जानकारों का कहना है कि एनपीएस टंडाबाड़ी स्कूल पर जमींदोज होने का खतरा है। वर्तमान में विद्यालय का संचालन एक निजी भवन में हो रहा है। विद्यालय का सामान बीसीसीएल की कैंटीन में रखा गया है। कई स्कूलों की विद्यालय प्रबंधन समिति ने स्कूल को शिफ्ट करने से इनकार कर दिया है।

एनपीएस केशलपुर के संबंध में जानकारी दी गई कि पांच वर्ष पूर्व विद्यालय भवन को बीसीसीएल की ओर से तोड़ दिया गया था, लेकिन अबतक बीसीसीएल की ओर से भवन उपलब्ध नहीं कराया गया है। एनपीएस कांटापहाड़ी के बारे में बताया गया कि विद्यालय का संचालन मध्य विद्यालय महावीर अंगारपाथरा में किया जा रहा है, अबतक बीसीसीएल की ओर से भवन उपलब्ध नहीं कराया गया है।

# किराये के मकान में युवती की हत्या, खून से लथपथ मिला शव, संदिग्ध युवक हिरासत में

**संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** शीतला मंदिर इलाके में स्थित एक किराये के मकान में महिला सुपरवाइजर की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर की रहने वाली मृतका अनीता बिंद, सोनुआ प्रखंड स्थित महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थीं। वह करीब 15 दिन पहले ही चक्रधरपुर के शीतला मंदिर के पास एक मकान में किराये पर रहने आई थीं।

गुरुवार को मकान मालिक संजय कुमार साव ने एक युवक को अनीता के कमरे में जाते देखा। शक होने पर जब उन्होंने पूछताछ की और कमरे के अंदर झांककर देखा, तो अनीता खून से लथपथ हालत में पड़ी थीं और उनके शरीर पर धारदार हथियार से हमले के निशान थे। घबराकर मकान मालिक ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने मौके से ही संदिग्ध युवक अनिल कुमार बिंद को हिरासत में ले लिया है। इस वारदात के बाद इलाके में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं।

फिलहाल पुलिस मृतका और संदिग्ध युवक के आपसी संबंधों, कमरे में युवक की मौजूदगी के हालात और हत्या की मुख्य वजह को केंद्र में रखकर जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग समेत अन्य संभावित कारणों पर ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि गहन पड़ताल के बाद ही इस सनसनीखेज हत्याकांड का पूरा सच सामने आ सकेगा।



# सम्राट चौधरी ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की



**संवाददाता**

**पटना :** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर विशेष सुरक्षा दल के कार्यालय परिसर में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना की एवं प्रसाद ग्रहण किया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने नवीन पुलिस केन्द्र स्थित राज्य पुलिस परिवहन मुख्यालय में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा तथा पटना हवाई अड्डा स्थित सिविल विमानन विभाग परिसर में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना की एवं प्रसाद ग्रहण किया।

पूर्वाह्न में मुख्यमंत्री ने लोक सेवक आवास परिसर में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा तथा मुख्य सचिवालय प्रांगण में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर समस्त राज्यवासियों एवं देशवासियों को मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्रीमती प्रीता वर्मा, गृह विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, सुरक्षा श्री संजय सिंह, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय मनोज कुमार, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के शर्मा, पूर्व डीजीपी पीके ठाकुर सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर मुख्यमंत्री ने जलाया आशीर्वाद का दीया

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) पर दीप प्रज्वलित कर ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल के तहत ह्यआशीर्वाद का दीयाह्ल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री ने पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और गंगा आरती हुई। इस दौरान पद्मश्री डॉ। आर।एन। सिंह समेत अन्य पद्मश्री सम्मानित व्यक्तियों को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने बिंद टोली स्थित सामुदायिक रसोई केंद्र का निरीक्षण कर बाढ़ पीड़ितों के लिए भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात कर डिग्निटी किट, स्वास्थ्य जांच कार्ड तथा मृतक के आश्रित को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। चिकित्सा शिविर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी भी ली।

## मुख्यमंत्री राहत कोष में पटेल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज ने दिए 71 लाख रुपये

पटना : मुख्यमंत्री राहत कोष में पटेल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की ओर से 71 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में आज पटेल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की और 71 लाख रुपये का चेक सौंपा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कंपनी के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि राज्य में आपदा एवं कठिन परिस्थितियों के समय जरूरतमंद लोगों की मदद में काम आएगी।

## यूपीआई पर शुल्क की सुगबुगाहट से बढ़ी चिंता

**संवाददाता**

**हजारीबाग :** देशभर में डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने वाले यूपीआई को लेकर एक बार फिर बड़ी चर्चा शुरू हो गई है। दो हजार रुपये से अधिक के भुगतान पर चार्ज (शुल्क) लगने की संभावनाओं के बीच हजारीबाग के बाजारों में हलचल बढ़ गई है। शहर के व्यापारियों, छोटे दुकानदारों और आम उपभोक्ताओं के बीच यह चर्चा का विषय बन गया है कि क्या एक बार फिर नकदी (कैश) का चलन लौट आएगा।

जिले के बाजारों में पिछले कुछ वर्षों से डिजिटल क्रांति तेजी से आई थी। स्थिति यह थी कि हजारीबाग के छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों और खुदरा विक्रेताओं के यहां भी यूपीआई से लेन-देन की सुविधा उपलब्ध थी। सब्जी विक्रेताओं से लेकर बड़े शोरूम तक, हर जगह क्यूआर कोड नजर आते थे। आंकड़ों के मुताबिक, यहां कुल लेन-देन का लगभग 90 फीसदी हिस्सा केवल यूपीआई के जरिए ही हो रहा था। उपभोक्ता हों या व्यापारी, सभी छोटे-बड़े भुगतानों के लिए कैश ले जाने के झंझट से बचते थे और पलक झपकते ही भुगतान कर देते थे।

अब दो हजार रुपये से अधिक के लेन-देन पर संभावित शुल्क की खबरों ने कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है। व्यापारियों का कहना है कि यदि डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त प्रभार लगता है, तो ग्राहक फिर से नकदी की ओर रुख कर सकते हैं। छोटे दुकानदारों का मानना है कि इससे उनके मुनाफे पर असर पड़ेगा, क्योंकि कम मार्जिन वाले व्यापार में अतिरिक्त शुल्क वहन करना मुश्किल होता है। वहीं, उपभोक्ताओं का कहना है कि मुफ्त और सुगम व्यवस्था होने के कारण ही वे यूपीआई का सबसे अधिक उपयोग करते थे।बहरहाल हजारीबाग के बाजारों में इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि आने वाले दिनों में डिजिटल भुगतान का यह सफर किस दिशा में आगे बढ़ेगा।

# बच्चों, बुजुर्गों किसानों व आदिम जनजाति समुदाय को किया गया सम्मानित



**संवाददाता**

**साहिबगंज :** सेवा संकल्प और राष्ट्र के प्रति समर्पण अभियान 2026 के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव के नेतृत्व में गुरुवार को साहिबगंज में विभिन्न सेवा सम्मान पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम कुमार यादव ने किया।जबकि मंच संचालन साहिबगंज भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुराग राहुल ने किया।इस दौरान दिव्यांग बच्चों बुजुर्गों आदिम जनजाति समुदाय उत्कृष्ट किसानों एवं जवानों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के तहत मूक-बधिर विद्यालय,साहिबगंज में दिव्यांग बच्चों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसके बाद केक काटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस मनाया गया।वहीं,वृद्धाश्रम में रहने वाले असहाय एवं बुजुर्गों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इसके अलावा नेत्रहीन स्पैस्टिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय,साहिबगंज में आदिम जनजाति (पहाड़िया) एवं वनवासी दिव्यांग बच्चों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।वहीं जोकमारी,महादेवगंज में आदिम जनजाति (पहाड़िया) समुदाय के लोगों,उत्कृष्ट किसानों तथा जवानों (सैनिक एवं शहीद परिवारों)एवं पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।पर्यावरण संरक्षण को लेकर किया गया वृक्षारोपण अभियान के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया।इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण,हरियाली को बढ़ावा देना तथा लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरूक करना रहा।इसके साथ ही जयंती ग्राम महादेवगंज में तीन सौ घरो मे आशीर्वाद का 5100 दीप जलाकर कार्यक्रम आयोजित किया। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा,समर्पण और समाज के जरूरतमंद लोगों के सहयोग के संकल्प के साथ मनाया जा रहा है।दिव्यांग बच्चों,बुजुर्गों,आदिम जनजाति समुदाय,किसानों और जवानों का सम्मान करना समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।वही भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है।समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल,उज्जवल मंडल,जिला परिषद सदस्य रणधीर सिंह पूर्व नगर अध्यक्ष अनंत सिंह,गौतम पंडित,दारा सिंह यादव,आनंद मोदी,कुंदन पासवान,धीरेन तांती,ललन सिंह,कृष्ण शर्मा,विकास यादव,जनार्दन दास,सुनीता देवी,किरण देवी सहित कई ग्रामीण शामिल हुए।

# बेरोजगारी के मुद्दे पर धनबाद में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन कार्यकर्ताओं ने बकरी चराने से लेकर तले पकोड़े

**संवाददाता**

**धनबाद :** देश में रोजगार के मुद्दे पर सियासत एक बार फिर तेज होती दिख रही है। धनबाद में युवा कांग्रेस ने बेरोजगारी के खिलाफ अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने कहीं बकरी चराई, तो कहीं पकोड़े तले और चाय बेचकर सरकार का ध्यान युवाओं की बेरोजगारी की ओर खींचने की कोशिश की।

रोजगार की तलाश में भटक रहा है देश का युवाः कांग्रेस

रणधीर वर्मा चौक पर हुए इस प्रदर्शन में युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने अलग-अलग गतिविधियों के जरिए रोजगार के संकट को प्रतीकात्मक रूप से सामने रखा। संगठन का कहना है कि बड़ी संख्या में युवा उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद भी रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, जबकि सरकारी विभागों में कई पद लंबे समय से खाली हैं। प्रदर्शन के दौरान किसी के हाथ में चाय का गिलास था, तो कोई पकोड़े तलता नजर आया। वहीं कुछ कार्यकताओं ने बकरी चराकर बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार का ध्यान खींचने की कोशिश की।




युवाओं के सामने रोजगार के पर्याप्त अवसर क्यों नहीं

युवा कांग्रेस का कहना है कि इन आयोजनों के जरिए वह यह सवाल उठाना चाहती है कि पढ़ाई पूरी करने के बाद युवाओं के सामने रोजगार के पर्याप्त अवसर क्यों नहीं हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि डिग्री हासिल करने वाले युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप काम मिलना चाहिए।

सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में पद खाली

रणधीर वर्मा चौक पर जुटे कार्यकताओं ने कहा कि रोजगार सिर्फ चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य से जुड़ा सवाल है। उनका आरोप है कि सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में पद खाली हैं, लेकिन भर्ती की प्रक्रिया अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ रही।

रोजगार के उपलब्ध होने चाहिए मौके

युवा कांग्रेस ने सरकार से रोजगार के सवाल पर जवाब मांगने की कोशिश की है। संगठन का कहना है कि युवाओं को ऐसे काम करने में कोई आपत्ति नहीं, लेकिन उनकी शिक्षा और योग्यता के मुताबिक, रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होने चाहिए।

खाली पदों पर भर्ती की मांग

युवा कांग्रेस के मुताबिक, प्रदर्शन का मकसद किसी एक भर्ती या नौकरी को लेकर विरोध करना नहीं, बल्कि रोजगार के व्यापक संकट को राजनीतिक बहस के केंद्र में लाना है। संगठन ने सरकार से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और रिक्त पदों पर भर्ती की मांग की।

वहीं, प्रदर्शन के जरिए युवा कांग्रेस ने यह संदेश देने की कोशिश की कि रोजगार का सवाल सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह लाखों युवाओं की उम्मीद, उनकी शिक्षा और भविष्य से जुड़ा मुद्दा है।

फिलहाल धनबाद में युवा कांग्रेस का यह प्रतीकात्मक प्रदर्शन एक बार फिर बेरोजगारी और रोजगार के अवसरों को लेकर सियासी बहस को सामने ले आया है। बकरी चराने से लेकर पकोड़े तलने और चाय बेचने तक के इन प्रतीकों के जरिए संगठन ने सरकार के सामने युवाओं के रोजगार का सवाल रखा है।